तापमान
अधिकतम 26.5 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

12 कृषि मंत्री निवास पर मनाया गया 'पोरा तिहार' राज्यपाल हुए...

14 अभनपुर, आरंग, तिल्दा से पहुंचे संविदा स्वास्थ्य...


अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेफ्टी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

Advt.


## खबर संक्षेप

### घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के सरोना स्थित एमजी हेक्टर शोरूम में सिर के ऊपर लिफ्ट गिरने से गंभीर रूप से घायल कर्मी राज (25) की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। लिफ्ट गिरने की घटना 3 अगस्त को हुई थी। राज का उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा था। गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती होने के बाद से वेंटिलेटर पर था। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शोरूम प्रबंधन ने उन्हें घटना की सही जानकारी नहीं दी और सीसीटीवी फूटेज भी छिपाए। बाद में जो वीडियो दिखाया गया, वह एडिटेड था।

### सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति के लिए साइकिलिंग आज

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा के लिए जनजागरूकता हेतु रविवार को मरीन ड्राइव में सुबह साढ़े 6 बजे साइकिलिंग का आयोजन करने जा रही है। संडे ऑन साइकिल में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह सहित कई अन्य पुलिस अफसरों के साथ लोग शामिल होंगे। लोगों को नशे से दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने संदेश देने के साथ साइकिलिंग के माध्यम से फिटनेस का संदेश देंगे।

भाठागांव स्थित साईं विला को राजस्व विभाग ने किया कुर्क

# सूदखोर तोमर भाइयों का बंगला कुर्क दोनों के खिलाफ दर्ज हैं 17 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मारपीट, सूदखोरी, हत्या की कोशिश, जबरन वसूली के मामलों में फरार आरोपी वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के आलीशान बंगले को कुर्क कर लिया गया। बंगले में दोनों भाइयों का डेढ़-डेढ़ हजार वर्ग फीट में मालिकाना हक है। कुर्की की कार्रवाई एसडीएम एनके चौबे और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में की गई।

दोनों भाइयों के खिलाफ पुरानी बस्ती, तेलीबांधा, डीडीनगर सहित कई थानों में केस दर्ज है। तेलीबांधा थाने में एक प्रापर्टी डीलर के साथ मारपीट को लेकर अपराध दर्ज होने के बाद से दोनों भाई फरार हो गए। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने हर संभव कोशिश की, लेकिन दोनों को पुलिस गिरफ्तार करने में ⏭ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप

## दोनों भाइयों का तीन हजार वर्गफीट में मालिकाना हक

### वीरेंद्र तोमर के खिलाफ दर्ज अपराध

- 2006 : आजाद चौक में कारोबारी पर चाकू से हमला
- 2010 : गुढ़ियारी में मारपीट और उगाही
- 2013 : हत्या का मामला
- 2015 : अप्राकृतिक कृत्य की रिपोर्ट
- 2016 : मारपीट और धमकी (पुरानी बस्ती)
- 2017 : महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी
- 2019 : सूदखोरी, ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी
- 2025 : आर्म्स एक्ट की कार्रवाई


सूदखोर तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिका सेशन कोर्ट ने की खारिज

21 अगस्त को प्रकाशित खबर

### दोनों भाइयों के खिलाफ 17 अपराध दर्ज

वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के खिलाफ राजधानी के अलग-अलग थानों में 17 अपराध दर्ज है। वीरेंद्र के खिलाफ आठ तथा रोहित के खिलाफ नौ अपराध दर्ज हैं। दोनों भाइयों के खिलाफ जो अपराध दर्ज है, उसमें अप्राकृतिक कृत्य के साथ हत्या जैसे संगीन अपराध भी शामिल है। इसके अलावा अपहण का भी अपराध दर्ज है। दोनों भाइयों की अपराधों की सूची इस प्रकार से है।

### रोहित तोमर के खिलाफ दर्ज अपराध

- 2015 : पुरानी बस्ती थाना- कर्ज नहीं चुकाने पर महिला ने अप्राकृतिक यौन शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2016 : पुरानी बस्ती थाना- युवक ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2016 : कोतवाली थाना- कारोबारी को पैसा वसूलने के लिए जान से मारने की धमकी
- 2017 : भाठागांव- महिला ने मारपीट और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2018 : भाठागांव- महिला ने पुरानी बस्ती थाना में ब्लैकमेलिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2019 : कोतवाली थाना- महिला ने सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2019 : कबीर नगर- कारोबारी ने ब्लैकमेलिंग और सूदखोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2019 : राजेंद्र नगर - व्यक्ति ने मारपीट और गाली-गलौज की रिपोर्ट दर्ज कराई
- 2025 : तेलीबांधा - वीआइपी रोड होटल पार्टी के दौरान जानलेवा हमला करने का केस दर्ज

## दलालों से पैसे लेकर म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में तीन बैंक अफसर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ठगी तथा अन्य साइबर अपराध का लेन-देन करने म्यूल अकाउंट खोलने में मदद करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत तीन बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है। बैंक अफसरों पर दलालों से पैसे लेकर म्यूल अकाउंट खोलने का आरोप है। तीनों बैंक ⏭ शेष पेज 13 पर

- टिकरापारा सिविल लाइंस गुढ़ियारी में दर्ज तीन ठगी के अपराध में गिरफ्तार किए गए बैंक अफसर

### खोले गए बैंक अकाउंट दूसरे राज्य में ऑपरेट

रेंज साइबर पुलिस ने अपनी जांच में पाया है कि जिन दलालों के माध्यम से बैंक अफसरों ने म्यूल अकाउंट खोले थे, उनमें से ज्यादार अकाउंट देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित हो रहे हैं। पूछताछ में रेंज साइबर पुलिस को जानकारी मिली ⏭ शेष पेज 13 पर

### म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में गिरफ्तार

पूर्व में जिन लोगों को म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उन लोगों से पूछताछ तथा अन्य माध्यमों से मिले इनपुट की पुष्टि करने के बाद इन बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया गया है। म्यूल अकाउंट खोलने वाले अन्य बैंक अफसरों की पहचान की जा रही है, आने वाले दिनों में उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

- **निशित अग्रवाल,** सीएसपी, रेंज साइबर पुलिस

# प्रशासन का शीर्षासन, सड़क घेरकर तान रहे पंडाल, सुबह-शाम ट्रैफिक जाम, जनता हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस ने आंखें मूंदी
- स्टेशन रोड झूलेलाल चौक एक तरफ का रास्ता पूरा ब्लाक

*टिकरापारा फातेहशाह मार्केट के सामने निवेदिता स्कूल मार्ग, ब्राम्हणपारा सहित अन्य मार्ग शामिल*

गणेशोत्सव से पहले ही शहर में सड़क घेरकर पंडाल तानने वालों ने जिला प्रशासन के आदेश की बखिया उधेड़ दी है। सड़कों को घेरकर पंडाल बनाए जा रहे हैं। कई जगह एक तरफ की सड़क को पूरी तरह घेर दिया गया है। वन वे होने की वजह से लंबा जमा लगा रहा है लेकिन कोई देखने या टोकने वाला नही है। मुख्य मार्ग भी नहीं बच पाए हैं।

स्टेशन रोड झूलेलाल चौक प्रमुख मार्ग में एक तरफ का पूरा रोड ब्लाक कर पंडाल बनाने से सुबह - शाम ट्रैफिक जाम लगना शुरू हो गया है। निवेदिता स्कूल से गुरूनानक चौक वाले मार्ग का भी यही हाल है, इसी तरह अमीन पारा थाना के सामने ,ब्राम्हणपारा चौक, टिकरापारा साहू कंप्लेक्स के सामने, सुंदर नगर मुख्य मार्ग, थाने से खम्हारडीह मार्ग पर, आमापारा चौक, लाखेनगर चौक सहित अन्य स्थानों पर सड़क घेरकर पंडाल बनाने का सिलसिला चल पड़ा है। इसयसे सुबह-शाम ट्रैफिक जाम लगने से लोग परेशान है।जिला प्रशासन और ⏭ शेष पेज 13 पर



### झूलेलाल चौक स्टेशन रोड

राजधानी के सबसे व्यस्त मार्ग में शामिल स्टेशन रोड झूलेलाल चौक में एक तरफ की पूरी सड़क घेरकर स्ट्रीट पोल से डिवाइडर तक पंडाल का ढांचा बनाया गया है। इससे लोगों को आने-जाने में खासी परेशानी हो रही है। दुपहिया, तिपहिया से लेकर पैदल चलने वाले हैरान हैं कि हो क्या रहा है? पूरा रास्ता वन वे जहां सड़क पर सुबह-शाम चलना ट्रैफिक जाम में लोग पिसने लगे हैं। भुक्तभोगियों का कहना है ⏭ शेष पेज 13 पर

### रामसागर पारा प्रभात टाकीज के पास

नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित रामसागर इलाके के प्रभात टाकीज के पास सड़क घेरकर पंडाल लगाने से यातायात पर दबाव बढ़ना तय है। इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत होने ⏭ शेष पेज 13 पर



### ट्रैफिक जाम होने पर कार्रवाई होगी

गणेशोत्सव समिति के प्रमुखों के साथ बैठक निर्देश दिया है इसके बाद भी सड़क घेरकर पंडाल होने से ट्रैफिक जाम की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- **कीर्तिमान राठौर,** अपर कलेक्टर रायपुर




## पहले राउंड में ही जीएमसी रायपुर की 163 सहित एमबीबीएस की 1396 सीटों पर एडमिशन पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के निजी और शासकीय मेडिकल कालेजों की राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटे की 1396 सीटों पर एडमिशन पहले राउंड की काउंसिलिंग में पूरा हो गया है। सबसे बड़े पं. जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर की 163 सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया है। वहीं सात डेंटल कालेजों में बीडीएस की पढ़ाई के लिए 284 लोगों ने प्रवेश ले लिया है। शेष सीटों के लिए ⏭ शेष पेज 13 पर

- 1534 अभ्यर्थी को हुआ था आवंटन, बीडीएस की 284 सीटें भरी

### पात्रता और आवंटन सूची का अंतर नियमों पर आधारित

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य कोटे की सीटों के लिए हो रही काउंसिलिंग में एलिजिबिलिटी लिस्ट और आवंटन लिस्ट में अंतर को पूरी तरह नियमों और प्रक्रिया पर आधारित बताया है। एनटीए द्वारा जारी एलिजिबिलिटी लिस्ट केवल अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए एलिजिबिलिटी स्टेट पर आधारित होती है। इसमें डोमिसाइल सर्टिफिकेट शामिल नहीं होता, जबकि राज्य अपनी अलग मेरिट लिस्ट आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्र और राज्य की शर्तों के अनुसार तैयार करता है। एनटीए की एलिजिबिलिटी लिस्ट केवल सुविधा के लिए प्रकाशित होती है। अंतिम प्रावीण्य सूची केवल राज्य को प्राप्त आवेदनों और निवास व संवर्ग आधारित प्रमाण पत्रों के आधार पर तैयार की जाती है।



## खबर संक्षेप

### दूरसंचार सलाहकार समिति में 8 सदस्यों की नियुक्ति

**रायपुर।** लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अनुशंसा पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र में बीएसएनएल की दूरसंचार सलाहकार समिति (टीएसी) में 8 सदस्यों की नियुक्ति को केंद्र सरकार ने मंजूरी प्रदान की है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जानकारी दी है कि श्री अग्रवाल द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों में से 8 सदस्यों को समिति में स्थान दिया गया है, जिनमें प्रेम बिरनानी, राहुल जैन, श्याम सुंदर अग्रवाल, हर्षिला रूपाली शर्मा, पवन सिंघानिया, कमलेश शर्मा, कृष्ण कुमार अवधिया, जब्बार डग्गली शामिल हैं। बीएसएनएल टीएसी में प्रतिनिधियों की भागीदारी से रायपुर संसदीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याएं और सुझाव सीधे विभाग तक पहुंचेंगे और समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई होगी।

### भाजपा बोली- कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाने के लिए ईडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए रेड्डी को वामपंथी नक्सलियों का समर्थक



बताया और कहा, कांग्रेसनीत विपक्ष ने ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद को मदद करने के लिए सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट दिया था। ऐसा नहीं होता, तो नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। विपक्ष द्वारा रेड्डी को उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने से एक ओर जहां आदिवासी समुदाय उद्वेलित है, वहीं दूसरी ओर एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस का हाथ हमेशा नक्सलियों के साथ है। श्री ठाकुर ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो रहा है, उसमें डीआरजी की प्रमुख भूमिका है।

# आयुष्मान इंटेंसिव का इंतजार कर रहे डाक्टरों पर राहत के छींटे, लंबित राशि का 10 फीसदी तक भुगतान

**पिछले दो साल से अटका पड़ा है प्रोत्साहन राशि वितरण का मामला**

**डाक्टर के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को देना है इंटेंसिव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों पर प्रोत्साहन राशि के नाम पर राहत के छींटे पड़े हैं। पिछले दो साल में उनका इंटेंसिव लाखों रुपये हो चुका है, जिसकी 10 फीसदी राशि उन्हें भुगतान की जा रही है। डाक्टरों के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ मिलाकर करीब 30 हजार लोगों को करीब 40 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है।




अभी सरकारी के साथ निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के इलाज के बदले राशि का भुगतान नहीं किए जाने का मामला गरमाया हुआ है। निजी अस्पताल भुगतान नहीं होने पर सितंबर से इलाज नहीं करने का मूड बना रहे हैं और शासन द्वारा उनकी नाराजगी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच वर्ष 2023 से सरकारी अस्पतालों के डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की लंबित प्रोत्साहन राशि का कुछ हिस्सा भुगतान किए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कुछ डाक्टरों के खाते में पेंडिंग राशि जो बढ़कर सात से दस लाख रुपये तक हो चुकी है, उन्हें सात से दस फीसदी राशि दी गई है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अन्य स्टाफ की नाराजगी दूर करने और सरकारी अस्पतालों में उपचार व्यवस्था को सही बनाए रखने के लिए अन्य स्टाफ के खाते में भी राशि का भुगतान किए जाने की संभावना है। वर्तमान में चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ स्वास्थ्य संचालनालय के अंतर्गत काम करने वाले चिकित्सकीय स्टाफ का करीब 40 करोड़ रुपये बकाया है।

### टीम भावना जागृत करने बनाया नियम

सूत्रों के अनुसार आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निशुल्क उपचार के लिए प्रोत्साहित करने और उनमें टीम भावना जागृत करने के लिए पांच साल पहले प्रोत्साहन राशि दिये जाने का नियम बनाया गया था। इसके तहत अस्पतालों को स्वास्थ्य योजना से इलाज के बाद प्राप्त होने वाली क्लेम राशि का 25 फीसदी हिस्सा प्रोत्साहन राशि के रूप में चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित किये जाने का प्रावधान किया गया है। दो साल तक इंटेंसिव का भुगतान नियमित रूप से किया जाता रहा, फिर अनियमितता की शिकायत के बाद इस पर रोक लगा दी गई।

### सीनियर डाक्टरों के लाखों रुपए

सूत्रों के अनुसार आयुष्मान प्रोत्साहन राशि के रूप में विभिन्न मेडिकल कालेजों के क्लीनिकल विभागों में काम करने वाले सीनियर डाक्टर और सर्जनों को लाखों रुपये तक प्राप्त होते थे। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में कुछ चिकित्सक ऐसे थे, जिनकी प्रोत्साहन राशि उनके वेतन से अधिक हो जाती थी। वहीं जिला स्तर पर भी चिकित्सकीय स्टाफ के बीच ही इसका वितरण होता रहा। निचले स्तर के कर्मचारियों को उनका हिस्सा नहीं मिला और नाराजगी फैलने पर यह व्यवस्था बाधित हो गई थी।

# किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक ने संभाला पदभार, पूर्व अध्यक्षों का किया गया सम्मान

**कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और गजेंद्र यादव भी हुए शामिल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश किसान मोर्चा के नए अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर समारोह में किसान मोर्चा के अध्यक्ष रहे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गजेंद्र यादव के साथ सभी पूर्व अध्यक्षों और प्रदेश किसान मोर्चा में पदों पर रहने वाले पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू थे।

कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि पार्टी संगठन ने मुझे एक बड़ा दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा, एक समय था जब भाजयुमो के पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी मिलती थी, लेकिन किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को अब बड़ी जिम्मेदारी मिल रही है। इसका बड़ा उदाहरण पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिलासपुर के वर्तमान सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और गजेंद्र यादव भी हैं। किसान मोर्चा से संबंध रखने वाले ऐसे बहुत से नेता हुए हैं जो पंचायत से लेकर जनपद पंचायत और जिला पंचायत अध्यक्ष बने हैं।

### पुराने दिनों को किया याद

कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने पुराने अनुभव को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ली गई बैठक का जिक्र करते हुए बताया, सभी सांसदों से बैठक के बाद प्रधानमंत्री से मुलाकात में जब मेरा नंबर आया तो श्री मोदी ने सारे सदस्यों के सामने मेरा नाम लेकर कहा, ये तोखन साहू हैं, बिलासपुर के सांसद हैं और किसान मोर्चा के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष हैं।

**इनका सम्मान :** कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूनम चंद्राकर, पवन साहू और जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी बजरंगी यादव, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, द्वारकेश पांडे, राकेश तिवारी, अनिल अग्रवाल, कोमल राजपूत, खिलावन शर्मा, आकाश गुप्ता, रवीश गुप्ता, विलास सुथार, धीरज मिश्रा, महेश कौशल और नवीन कालिया शामिल हैं। कार्यक्रम में सभी मंडलों के साथ जिलों के किसान मोर्चा के पदाधिकारी शामिल हुए।

# कृषि मंत्री निवास पर मनाया गया 'पोरा तिहार', राज्यपाल हुए शामिल

**पोरा तिहार पर जमकर थिरके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक और आमजन**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार 'पोरा तिहार' कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास पर पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका पोरा तिहार के इस पावन पर्व पर शामिल हुए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ वासियों को पोरा तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण संस्कृति और कृषि जीवन की महत्वपूर्ण परंपरा है।

कृषि मंत्री ने अपनी धर्मपत्नी पुष्पा नेताम के साथ भगवान शिव-पार्वती और भगवान स्वरूप नांदिया-बैला की पूजा-आराधना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी। कृषि मंत्री ने कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है। साथ ही तीन दिन बाद तीजा है, जो सुहागिनों के लिए सबसे बड़ा पर्व माना जाता है।

### परंपरा - सामाजिक सद्भाव का पर्व

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पोरा तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और सामाजिक सद्भाव का पर्व है। सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पोरा तिहार की शुभकामनाएं दी।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक पुरंदर मिश्रा, रोहित साहू, मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू सहित मंडल-निगम आयोग के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# राजधानी में भी घंटों बिजली बंद होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार एक तरफ प्रदेश की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने में लगी है, तो दूसरी तरफ कुछ विभागों के अधिकारी ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में लगे हैं। इस समय सबसे ज्यादा जनता को बिजली विभाग से शिकायतें हैं। राजधानी रायपुर से लगे गांवों में तो घंटों बिजली बंद होना आम बात है। एक दिन पहले ही बिजली बंद को लेकर रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में बिजली दफ्तर का घेराव भी किया गया है। राजधानी के कई हिस्सों में भी घंटों बिजली बंद होने का करंट आए दिन उपभोक्ताओं को लग रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के 55 सौ फीडर हैं। इन फीडरों में से ज्यादातर का ऐसा बुरा हाल है कि लगातार बिजली गुल होने से उपभोक्ता बेहाल हो गए हैं। गांवों की तो बात ही छोड़ दें, राजधानी रायपुर में ही शहर के ज्यादातर हिस्सों में फीडरों से रोज दो से चार बार बिजली का बंद होना आम बात हो गई है।



प्रदेश का ऐसा कोई शहर नहीं होगा, जहां के उपभोक्ताओं की बिजली बंद होने की शिकायत नहीं होगी। राजधानी रायपुर में ही किसी फीडर में बिजली की खराबी आने के बाद इसको ठीक करने में बिजली विभाग का पसीना छूट जाता है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3060 दिनांक 19.03.2009 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - EWS-II-45/111 को श्री नासिर अहमद खान पिता स्व. श्री के.डी. खान के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 16.08.2013 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है । वर्तमान में श्री नासिर अहमद खान पिता स्व. श्री के. डी. खान, निवासीः- बी.पी. पुजारी स्कूल, बी.पी. पुजारी विद्यालय के पीछे, राजातालाब, रायपुर तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती पिंकी पात्रे पति श्री मंगल दास पात्रे, निवासी :- ग्राम - हथनीकला पोस्ट-धरमपुरा, तहसील - पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- EWS-II-45/111 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### नाम परिवर्तन

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**
**शपथपत्र**

मैं शिव प्रसाद नेताम, पिता स्व. श्री दशरथ नेताम, निवासी- गली नंबर 07, दुर्गा विहार कालोनी, डूण्डा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जो निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि -

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरी पुत्री गरिमा नेताम के द्वारा वर्ष 2024 में कक्षा दसवी की परीक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण की है जिसका रोल नंबर 12128858 है ।
3. यह कि, उक्त परीक्षा पश्चात उक्त परीक्षा की अंकसूची प्रदान किया गया था, जिसमें मेरी पुत्री का नाम KU GARIMA NETAM दर्ज किया गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है।
4. यह कि, मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम गरिमा नेताम (GARIMA NETAM) है जिसे उक्त परीक्षा की अंकसूची में दर्ज करवाना चाहता हूं जिस हेतु जो भी नियम एवं शर्तें होगी वह मुझे मान्य होगा ।
5. यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उक्त कथनो के सत्यता के समर्थन में सादर प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**शिवप्रसाद नेताम**

**सत्यापन-** मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**रायपुर छ.ग.**
**दिनांक - 21.08.2025**

सत्यापनकर्ता
**शिवप्रसाद नेताम**


# भाजपा के मंडल, जिला अध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की शिवप्रकाश और नितिन नवीन लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- 31 अगस्त को होगी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भाजपा संगठन की बड़ी बैठक

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन प्रदेश भाजपा संगठन के नए पदाधिकारियों की 31 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में क्लास लेंगे। इस क्लास में नए पदाधिकारियों को राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं का भी मार्गदर्शन मिलेगा। इस बैठक में भाजपा के सभी 476 मंडलों और 36 संगठन जिलों के अध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष और प्रकोष्ठों के संयोजकों को भी बुलाया गया है।

बैठक से पहले अगर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास से रायपुर लौट आए, तो वे भी बैठक में रहेंगे। वैसे प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ ही प्रदेश के कई मंत्री भी बैठक में रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने पहले सदस्यता अभियान चलाकर रिकॉर्ड 60 लाख सदस्य बनाने का काम किया। इसके बाद पहले बूथों के चुनाव कराए गए। भाजपा के पहले 405 मंडल थे। इसमें 71 और नए मंडल बनाकर मंडलों की संख्या 476 कर दी गई है। इसी के साथ 35 संगठन जिलों में एक बिलासपुर ग्रामीण जिला बनाकर इनकी संख्या को 36 कर दिया गया है। प्रदेश संगठन ने मंडलों के साथ ही जिलों में भी जिलाध्यक्षों के पदों पर नए चेहरों को मौका दिया है। एक मात्र जिला रायपुर ग्रामीण ही ऐसा है जहां पर पुराने अध्यक्ष को वापस अध्यक्ष बनाया गया है।

### राष्ट्रीय और प्रदेश के नेता देंगे मार्गदर्शन

प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी बनने के बाद अब प्रदेश संगठन प्रदेश स्तर की एक बड़ी बैठक कराने की तैयारी कर रहा है। वैसे तो पहले बैठक को 29 अगस्त को कराने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अब यह बैठक 31 अगस्त को करने का फैसला किया गया है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन सभी नए पदाधिकारियों की क्लास लेकर उनको बताएंगे कि किस तरह से संगठन का काम करना है। नए पदाधिकारियों को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और डिप्टी सीएम अरुण साव के साथ ही अन्य वरिष्ठ नेताओं का भी मार्गदर्शन मिलेगा।


C.G.COLLEGE/SCHOOL OF NURSING
Raipur & Bilaspur
23 वर्षों से संचालित नर्सिंग चिकित्सा, शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था
BSc Nursing 4yr (12 पास बायो के लिए)
GNM Nursing 3yr (12वी पास सभी विषयो के लिए)
सी जी कॉलेज / स्कूल ऑफ नर्सिंग क्यों है स्टूडेंट्स की पहली पसंद ?
रजिस्ट्रेशन प्रारंभ 2025-26




क्योंकि
• अब तक 1700+ विद्यार्थी सरकारी नौकरी व 2200+ विद्यार्थी को प्राइवेट अस्पताल मे नौकरी प्राप्त
• सुरक्षित कैम्पस • अनुभवी शिक्षको द्वारा शिक्षा
• छ.ग. के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेकाहारा व जिला चिकित्सालय रायपुर-बिलासपुर में क्लीनिकल प्रशिक्षण
सेपरेट गर्ल्स और बॉयज़ हॉस्टल
100% कैम्पस प्लेसमेंट की गारंटी
24x7 CCTV कैमरे की निगरानी
ADMISSION RELATED QUERY:
New Rajendra Nagar, Raipur 9993582707, 7722991707
Kota Road, Sakri, Bilaspur 7722995707, 9993575707
@cgcollegeofnursing +91 9993582707 www.cgnursing.com ccnraipur@gmail.com

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भाई-बहन से मारपीट मामले पर पुलिस कार्रवाई का विरोध, एएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा

धरसींवा थाना क्षेत्र की सिलयारी पुलिस चौकी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार खाकी पर न सिर्फ मारपीट और धमकी देने, बल्कि तीज पर मायके आई एक महिला के साथ दुर्व्यवहार का भी संगीन आरोप लगा है। पीड़ित भाई-बहन ने सीधे रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने आरोपों को नकारते हुए उल्टे पीड़ित परिवार पर ही अवैध गतिविधियों में शामिल होने और पुलिस के साथ हाथापाई करने का मामला दर्ज कर दिया है।





## अवैध शराब की सूचना पर पहुंची पुलिस से हाथापाई

चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि मनोज धृतलहरे के घर अवैध गांजा और शराब की बिक्री की सूचना पर जांच के लिए पहुंची पुलिस पर मनोज और उसकी बहन ने पुलिस के काम में बाधा डालने की कोशिश की और हाथापाई की। महिला कोटवार रानी मानिकपुरी, जिन्हें महिला पुलिसकर्मी की गैरमौजूदगी में बुलाया गया था, उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में मनोज, मोनिका, गजेंद्र धृतलहरे और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ अपराध क्र 407/25 धारा 121 (1,)132, 221,3(5 )बी एन एस जिसमे एक आरोपी गजेन्द्र घृतलहरे पिता पंचराम घृतलहरे उम्र 24 वर्ष ग्राम कुरूद चौकी सिलियरी थाना धरसीवा को न्यायाल रिमांड लेने हेतु रवाना कर दिए है। इस पूरे मामले में पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज किया है। इस घटना ने स्थानीय ग्रामीणों में रोष है।

## पुलिस पर ने घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

कुरूद सिलयारी के रहने वाले मनोज धृतलहरे ने एक वीडियो जारी बाताया कि सिलयारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे अपने दल-बल के साथ उनके घर में घुसे और बिना कोई कारण बताए उनकी बेरहमी से पिटाई की। मनोज के अनुसार, जब तीज मनाने आई उनकी बहन मोनिका पटेला ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो पुरुष पुलिसकर्मियों ने उनके साथ भी झूमाझटकी की और उन्हें अपमानित किया। पीड़ितों ने पुलिस पर झूठे केस में फंसाने और जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

# बैलों को सजाकर भिलाई में मनाया गया पोला पर्व



**आरंग।** छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र में इस वर्ष पोला पर्व ग्राम भिलाई मे हर्षोल्लास और पारंपरिक धूमधाम के साथ मनाया गया। पोला पर्व के अवसर पर कृषक बंधुओं ने अपने बैलों को स्नान कराकर, विधि-विधान के साथ बैलों की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सजे-धजे बैलों का पारंपरिक गांव भ्रमण कराया गया, जिसमें गांव-के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वही बच्चों ने मिट्टी के बैल (नंदिया) बनाकर चलाया गूंज ने उत्सव को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## सूदखोर तोमर भाइयों...

नाकाम रही। इसके बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया। इनाम घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद संपत्ति कुर्क करने पुलिस ने कोर्ट में आवेदन पेश किया। दोनों भाइयों को कोर्ट ने 19 अगस्त तक कोर्ट में पेश होने उद्घोषणा जारी की। उद्घोषणा के बाद भी दोनों भाई कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस वजह से दोनों भाइयों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

## दलालों से पैसे लेकर...

अफसरों को रेंज साइबर पुलिस ने गुढ़ियारी, सिविल लाइंस तथा टिकरापारा थाना में दर्ज केस के आधार पर गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में एक्सिस बैंक के अफसर अभिनव सिंह, दुर्ग स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के अफसर प्रवीण तथा गुढ़ियारी स्थित रत्नाकर बैंक लिमिटेड के अफसर प्रीतेश शुक्ला को गिरफ्तार किया है। तीनों बैंक अफसरों को साइबर क्राइम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने के बाद गिरफ्तार किया गया है। बैंक अफसरों को बगैर केवायसी जांच के अलग-अलग लोगों के नाम से फर्जी बैंक अकाउंट खोलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व भी पुलिस ने म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में कई बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है।

## खोले गए बैंक अकाउंट...

है कि बैंक अफसर की जहां पोस्टिंग थी, उन स्थानों के बैंक में इन अफसरों ने 50 से ज्यादा बैंक अकाउंट खोले थे। इन अफसरों द्वारा खोले गए सभी म्यूल अकाउंट को पुलिस ने फ्रीज करा दिया है।

पेज 11 के शेष...

## प्रशासन का शीर्षासन, सड़क...

नगर निगम इस ओर ध्यान नही दे रहा है। शहर में 27 अगस्त से शुरू होने जा रहे गणेश उत्सव को लेकर गणेशोत्सव समितियों ने पंडाल बनाना शुरू कर दिया है। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्ग सहित अन्य मार्गों में सड़क किनारे पंडाल बनाने की जगह सड़क घेरकर साज-सज्जा के लिए पंडाल बनाया जा रहा है। इससे सड़क संकरी होने के साथ ही आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है। हैं।

साहू कंप्लेक्स टिकरापारा के सामने

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के टिकरापारा इलाके में साहू कंप्लेक्स के सामने सड़क घेरकर पंडाल निर्माण करने से लोगों को आवागमन में परेशानी आने लगी है। आने वाले दिनों में इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से सड़क यातायात प्रभावित होगा। जबकि शहर का यह व्यस्ततम क्षेत्र होने के साथ ही आसपास रहवासी इलाका भी है। गणेशोत्सव के दौरान इस मार्ग में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ होने पर ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ेगी।

## झूलेलाल चौक स्टेशन...

सुबह 9 बजे से 11 बजे और शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक लंबा जाम लग रहा है। इससे लोग परेशान हैं। चूंकि यह व्यवसायिक और रहवासी इलाका भी है इसलिए सामान्य दिनों में अच्छी खासी भीड़ यहां रहती है।

## रामसागर पारा प्रभात...

लगी है। व्यस्त मार्ग होने के साथ ही मालवाहक वाहनों की आवाजाही लोडिंग -अनलोडिंग के चलते ट्रैफिक जाम की समस्या यहां रही है। अब पंडाल के लिए सड़क घेरने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है।

यही हाल रहा तो पैदल चलने वाले भी जाम में फंसेंगे। इसी तरह अमीन पारा थाने के सामने, लाखे नगर चौक, आमापारा चौक, ब्राम्हणपारा, कंकाली पारा चौक, पुरानी बस्ती क्षेत्र, बूढ़ापारा में भी सड़क किनारे पंडाल बनाने की जगह सड़क घेरकर पंडाल बनाने से ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होने लगी है।

## पहले राउंड में ही...

काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग के पहले राउंड में 23 अगस्त तक एडमिशन की अंतिम तारीख तय की थी। प्रथम चरण में एमबीबीएस के लिए 1534 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया था। दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने तक कुल 1396 लोगों ने प्रवेश लिया। राज्य के दस शासकीय और चार निजी कालेजों में एमबीबीएस की कुल 1980 सीटे हैं, जिनमें से राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटे की सीटों पर एडमिशन देने की जिम्मेदारी चिकित्सा शिक्षा विभाग पर है। पहले राउंड में एमबीबीएस के लिए 1534 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया था। इसमें से 138 लोगों ने विभिन्न वजह से प्रवेश नहीं लिया। वहीं 1396 लोगों ने दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की है। एमबीबीएस के लिए अभ्यर्थियों का फोकस पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय होता है। यहां कुल 230 सीटें हैं, जिनमें से 189 राज्य कोटे की सीट है। पहले राउंड में 186 लोगों को आवंटन किया गया, जिसमें 164 ने प्रवेश ले लिया है। इसी तरह छह निजी एवं एक शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस की 682 सीटें हैं। इनमें पहले दौर में 454 सीटों का आवंटन हुआ था, जिसमें से 284 लोगों ने प्रवेश ले लिया है। बाकी सीटों के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा।












संकलनकर्ता- पवन साहू, हरिभूमि संवाददाता, आरंग मो. 9425513719, 9993830146

## खबर संक्षेप



### बारिश के बावजूद लोगों ने किया रक्तदान

**रायपुर।** सिकलसेल एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए काश फाउण्डेशन द्वारा रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बारिश के बावजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। इस शिविर में नियमित कुछ पुराने डोनर के अलावा कुछ नए रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम में मोवा स्थित जयदीप ब्लड बैंक टीम का सहयोग रहा।

### चंदखुरी में माता कौशल्या की हुई प्रथम आरती



**रायपुर।** चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा माता कौशल्या संग तीजा तिहार का आयोजन चंदखुरी में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को माता कौशल्या की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई एवं प्रथम आरती में दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री रामसुंदर दास शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विभिन्न धार्मिक स्थानों में भी होने चाहिए। यह जानकारी परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में शोभा यादव, हेमलाल यादव, मनीष लदेर, पं. संतोष शर्मा, प्यारी वर्मा, इंदू वर्मा, धनीराम धीवर, आकाश वर्मा, जनकराम धीवर, पंचराम वर्मा, राधेश्याम साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन आज

**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 24 अगस्त को कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा और महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता खरे 'मधु' ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कवि सम्मेलन के साथ होगी। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शुभा शुक्ला, प्रमदा ठाकुर, राजेंद्र रायपुरी, विजया ठाकुर, दीपिका ऋषि झा, जेएस उरकुरकर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के लोकपाल शशि सुरेंद्र दुबे मंच पर उपस्थित रहेंगे। इस सत्र का संचालन उमेश कुमार सोनी 'नयन' करेंगे।

## निधन

### माया देवी सिंगी

**रायपुर।** रामसागर पारा निवासी



माया देवी सिंगी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रदीप सिंगी, विनोद सिंगी की माता थीं।

# विभाग ने बंद किया खरीदना, अब 25 लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस पर थोक भांग खरीदी का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भांग की खरीदी करने के लिए आबकारी विभाग पहले निविदा जारी करता था। इसके तहत प्रति किलो 100 रुपए की दर से भांग दूसरे राज्य से विभाग खरीदी करता था, जिसे बाद में प्रदेश के लाइसेंसधारी दुकानों को उनकी मांग के अनुसार इसकी सप्लाई की जाती थी। यह सिस्टम सालों से चला आ रहा था, लेकिन अब इस सिस्टम में बदलाव किया गया है। नए सिस्टम के तहत अब विभाग भांग खरीदना बंद कर इसकी जगह थोक दुकानदार को इसका ठेका दे रहा है। इसके लिए सालाना फीस 25 लाख रुपए निर्धारित की है। चालू वर्ष में भांग खरीदी का जिसे ठेका मिला है, उसके द्वारा ही प्रदेश के अन्य लाइसेंसधारी दुकानों में इसकी सप्लाई भी की जा रही है।

## यह सिस्टम सालों से चला आ रहा था, लेकिन अब इसमें बदलाव

### पहले दुकानों को 350 रुपए किलो में उपलब्ध कराता था विभाग

विभाग पहले शासकीय चिल्हर भांग विक्रेताओं को 350 रुपए किलो की दर से भांग उपलब्ध कराता था। विभाग 153 रुपये 83 पैसे किलोग्राम की दर से भांग खरीदता था। इसमें ड्यूटी चार्ज 100 रुपए और परमिट फीस 200 रुपए मिलाकर कुल 350 रुपए में दुकानों को उपलब्ध कराता था, जिसे दुकानदार 12 सौ से 13 सौ रुपए में बेचा करते थे।



### 25 लाख सालाना लाइसेंस फीस पर दिया जा रहा ठेका

भांग की खरीदी विभाग ने बंद कर दी है। अब 25 लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस पर इसका ठेका एक दुकान को दिया जा रहा है। यह व्यवस्था पिछले दो साल से लागू है। चिल्हर दुकानदार अब थोक दुकानदार से भांग खरीद रहे हैं।

*- **राजेश शर्मा**, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

### तब से ढाई गुना कीमत बढ़ी

विभाग के पास स्टॉक खत्म होने के बाद वर्ष 2022 में मई से कुछ दुकानदारों ने अपने स्तर पर थोक में भांग खरीदना शुरू कर दिया। इसके बाद दुकानदारों ने भी भांग की कीमत मनमाने रूप से बढ़ा दी। विभाग जब तक खरीदी करता रहा, तब तक दुकानों में गीला एवं सूखा भांग किलो में 1200 रुपए एवं 1500 रुपए था, जो बाद में 3000 से 4000 रुपए किलो तक पहुंच गया है।

### विभाग की कमाई बढ़ी पर आम लोगों की कट रही जेब

इस नए सिस्टम से विभाग की कमाई बढ़ गई है। थोक दुकानदार से सालाना 25 लाख रुपए तथा प्रत्येक चिल्हर दुकान से 2 और 3 लाख रुपए की आय होने से विभाग की कमाई जरूर बढ़ा दी है, लेकिन इससे भांग के शौकीन लोगों को राहत नहीं मिली है, क्योंकि भांग की कीमत में कोई कमी नहीं आई है, बल्कि कीमत और बढ़ने की संभावना है।

### चिल्हर दुकानों के लिए 2 से 3 लाख सालाना लाइसेंस फीस

विभाग ने चिल्हर भांग दुकानों को लाइसेंस जारी करने के लिए भी नई दर लागू की है। इसके तहत सामान्य क्षेत्र के लिए सालाना दो लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी है, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति क्षेत्र में संचालित दुकान के लिए 3 लाख रुपए सालाना फीस निर्धारित की है। इन चिल्हर दुकानदारों को थोक दुकानदार उनकी मांग के अनुसार भांग की सप्लाई कर रहे हैं।

### वर्ष 2020 से भांग खरीदना बंद

आबकारी विभाग ने आखिरी बार वर्ष 2019 में भांग की खरीदी की थी। इस वर्ष में प्रदेश में संचालित 12 लाइसेंसधारी दुकानों के लिए 12 हजार किलोग्राम भांग खरीदा गया था। इसके बाद विभाग ने भांग खरीदना बंद कर दिया। यह भांग करीब दो साल तक चला। विभाग के वेयर हाउस में रखे भांग को मांग के अनुसार दुकानों में भेजा जाता था, लेकिन इस बीच जब भांग का स्टॉक खत्म हो गया, तो कुछेक दुकानदारों ने अपने स्तर पर भांग की खरीदी शुरू कर दी।

## जयस्तंभ चौक के पास मल्टीलेवल पार्किंग के पहले टेंडर में एक भी एजेंसी नहीं आई

# पुराना बस स्टैंड-मल्टीलेवल पार्किंग के लिए नगर निगम ने किया री-टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **जवाहर बाजार व्यापारी कल्याण समिति पार्किंग ठेका रिनीवल के लिए आयुक्त को लिखेगी पत्र**

रायपुर निगम का बाजार विभाग पुराना बस स्टैंड स्थित नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग को ठेके पर देने जल्द रीटेंडर करेगा। प्रथम टेंडर में एक भी एजेंसी द्वारा निविदा नहीं आने पर अब इसका रीटेंडर होगा। इसके साथ मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के पार्किंग संचालन व संधारण के लिए नया टेंडर जल्द किया जाएगा। ठेके की मियाद पूरी होने से पहले जवाहर बाजार व्यापरी कल्याण समिति नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को पार्किंग ठेका रिनीवल के लिए पत्र लिखने की तैयारी में है।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जयस्तंभ चौक के पास पुराना बसस्टैंड स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन और संधारण कार्य के लिए बाजार विभाग को रीटेंडर करना पड़ रहा है।

### जवाहर बाजार पार्किंग ठेका की मियाद हो रही पूरी



### बिजली बिल, सफाई, सुरक्षा गार्ड सहित पार्किंग संचालन

जवाहर बाजार पार्किंग संचालन व संधारण के लिए अनुबंध की शर्त में संबंधित एजेंसी को बाजार परिसर की सफाई, बिजली का बिल, सुरक्षा व्यवस्था के लिए सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती, मेंटनेंस से लेकर पेयजल की व्यवस्था खुद के संसाधन से करनी है।

पूर्व में किए गए ठेके की अवधि समाप्त होने के बाद नगर निगम ने एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया। निर्धारित अवधि तक इसके लिए किसी भी एजेंसी से निविदा नहीं आने पर रीटेंडर किया गया है। पार्किंग संचालन के लिए जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

इसी तरह मालवीय रोड स्थित नगर निगम के बहुमंजिला जवाहर बाजार व्यावसायिक परिसर के पार्किंग का संचालन अब तक जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति के माध्यम से किया जाता रहा। 3 साल के लिए नगर निगम द्वारा इस पार्किंग के संचालन व संधारण के अनुबंध की मियाद पूरी होने वाली है, इसे देखते हुए समिति निगम आयुक्त को इसी सप्ताह पार्किंग ठेका नवीनीकरण के लिए पत्र लिखेगी। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम और जवाहर बाजार के व्यापारियों की समिति के बीच पूर्व में हुए अनुबंध के मुताबिक नगर निगम आयुक्त यदि चाहे तो अनुबंध की अवधि नियम अनुसार बढ़ाई जा सकती है।

# पुरानी गंज मंडी लेगी नया स्वरूप, 250 करोड़ का प्रोजेक्ट बना रहा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **जमीन पर 20 से 25 कब्जाधारी एवं कानूनी दांवपेच से बचने लगाया केवियेट**

राजधानी स्थित पुरानी गंज मंडी में प्रस्तावित गंज मंडी रीडेवलपमेंट प्लान को लेकर सियायत तेज हो गई है। निगम प्रशासन ने कानूनी दांवपेच से बचने अपना पक्ष सुनने के लिए केवियेट दायर कर दिया है। गंज मंडी की जमीन पर 20 से 25 लोग स्थायी पट्टेदार हैं।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार तेलघानी नाका के समीप प्रस्तावित गंज मंडी रीडेवलपमेंट प्लान के लिए सर्वे कर लिया गया है। यहां पर एक स्कीम के तहत व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। प्लान की लागत 250 करोड़ आने की उम्मीद है, जिसको लेकर ननि प्रशासन डीपीआर बनाने जा रहा है।

### निगम ने दायर किया केवियेट

यहां पर कुल जमीन 26 एकड़ है। इसमें करीब 20 से 25 लोग स्थायी पट्टेदार हैं, जो इस समय कानूनी चुनौती देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से पंकज अग्रवाल ने केवियेट याचिका दायर की है। उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया है कि नगर निगम का पक्ष सुने बिना अनावेदक की याचिका पर सुनवाई न की जाए।



### डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू

निगम के अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने बताया कि योजना पर 250 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। फिलहाल यह योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाई जाएगी अथवा वित्त विभाग से ऋण लिया जाएगा, इस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। नगर निगम ने डीपीआर बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया किसी भी विवाद को हल करने स्थायी कब्जाधारियों से बातचीत करेंगे।

### कंसलटेंट नियुक्ति के लिए टेंडर

नगर निगम ने प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी किया है। कंसलटेंट नियुक्ति के लिए 11 सितंबर को टेंडर खुलेगा। यहां पर निगम के द्वारा व्यावसायिक और आवासीय प्रोजेक्ट के अलावा पार्किंग और ग्रीन लैंड विकसित किया जाएगा। केंद्र ने योजना बनाकर भेजेने का प्रस्ताव मंगाया है, उसके आधार पर नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया है।

### सांसदों एवं व्यापारियों ने किया विरोध

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंडी परिसर में सार्वजनिक उद्यान बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यहां पर एक सार्वजनिक उद्यान बनाना चाहिए। व्यावसायिक परिसर सिर्फ जंगल का कंक्रीट है, जिससे रायपुर की आबो हवा खराब हो रही है। नगर निगम के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं राज्य शासन से उन्होंने अपील की है कि इस योजना को लागू करने से पहले विचार करे। व्यापारियों ने भी इस प्रोजेक्ट का विरोध किया है।

# भादो में सावन की झड़ी, रिमझिम फुहारों से भीगी राजधानी, मौसम में आई ठंडकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **सुबह से शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही, तीन डिग्री लुढ़का तापमान**

लंबे इंतजार के बाद अगस्त (भादो) के महीने में सावन की झड़ी लगी रही। शनिवार सुबह से शुरू हुआ रिमझिम फुहारों का दौर देर शाम तक जारी रहा। पानी गिरने और दिनभर धूप नहीं निकलने की वजह से अधिकतम तापमान तीन डिग्री तक नीचे चला गया और मौसम में ठंडकता आ गई। रायपुर समेत मध्य हिस्से में कल के बाद बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है।

पिछले कुछ दिनों से राजधानी में बादल तो छा रहे हैं, मगर पर्याप्त मात्रा में बरस नहीं रहे थे। शनिवार को सुबह से प्रारंभ रिमझिम फुहारों ने मौसम को बदलकर रख दिया। आंकड़ों के अनुसार दिनभर में वर्षा का आंकड़ा भले ही 12.2 डिग्री तक पहुंचा, मगर इससे जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश की वजह से पोला त्योहार की रौनक भी कम दिखाई



पड़ी। काफी दिनों बाद शहर में लोग रेनकोट पहनकर सड़कों पर आवाजाही करते दिखे। दूसरी ओर प्रदेश के उत्तरी इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। पुसौर में सर्वाधिक 90 मिमी., रायगढ़ में 80, रतनपुर में 70, चांपा, नया बाराद्वार, तखतपुर, बालोद में 60 मिमी., बेलतर, मरवाही, सरिया, बालोद, सारागांव, सक्ती, डोंगरगांव, अड़भर में 50-50 मिमी. तक बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि सोमवार के बाद मध्य इलाके में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इसके लिए सोमवार बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है।

### सिस्टम झारखंड की ओर

एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है। रविवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होने की संभावना है।

# कानफोड़ डीजे पर इस बार भी सख्ती, जोन कमिश्नर थाना प्रभारी से एनओसी मिलने पर प्रशासन देगा अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव में इस बार भी कानफोड़ू डीजे पर सख्त नियम लागू रहेंगे, जिसके कारण डीजे बजाने की अनुमति लेना आसान नहीं होगा। पिछली बार की तरह इस बार डीजे की अनुमति लेने के लिए संबंधित थाना प्रभारी और जोन कमिश्नर से एनओसी लेना पड़ेगा।

यह एनओसी तभी मिल पाएगा, जब डीजे संचालक लिखित में देगा कि उसके कारण सड़क पर जाम नहीं लगेगा और 75 डेसिबल से कम आवाज में वह डीजे बजाएगा। दोनों से एनओसी मिलने के बाद ही जिला प्रशासन से डीजे बजाने की अनुमति मिल पाएगी। इधर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अनुमति लेने के बाद डीजे पर नजर रखी जाएगी और सड़क जाम या निर्धारित डेसिबल से ज्यादा साउंड में बजाते मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डीजे की अनुमति लेने पहुंचने लगे आवेदन

गणेशोत्सव 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए गणेशोत्सव समितियों ने एक ओर जहां पंडाल सजाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं, वहीं दूसरी ओर बप्पा की प्रतिमा को धूमधाम से पंडाल तक लाने से लेकर विसर्जन के लिए समितियां ढोल-नगाड़ा, बैंड से लेकर डीजे की एडवांस बुकिंग भी करा चुकी हैं। इधर बुकिंग लेने वाले डीजे संचालकों से लेकर कई गणेश समितियों ने डीजे बजाने की अनुमति के लिए आवेदन करना भी शुरू कर दिया है, ताकि समय रहते उन्हें अनुमति मिल सके।



### थाना प्रभारी, जोन कमिश्नर की अनुमति लेना अनिवार्य

प्रशासन की ओर से नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं कि डीजे संचालकों को डीजे बजाने की अनुमति नियमों का पालन करते हुए सशर्त दी जाए। इसके लिए सबसे पहले डीजे संचालकों से किसी भी प्रकार से सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिए, निर्धारित डेसिबल साउंड पर डीजे बजाएंगे। अस्पताल, स्कूल के 100 मीटर रेंज में डीजे नहीं बजाएंगे। रात 10 बजे के बाद नहीं बजाएंगे सहित अन्य नियमों का भी पालन करना होगा।

### नियमों के तहत अनुमति

डीजे साउंड को लेकर हाईकोर्ट का दिशा-निर्देश जारी है, जिसके तहत ही आवेदनों पर अनुमति दी जाएगी।

*- **उमाशंकर बंदे**, अपर कलेक्टर, रायपुर*

### जोन कमिश्नर-थाना प्रभारी से पहले लेनी होगी अनुमति

डीजे बजाने की अनुमति के लिए पहले जोन कमिश्नर एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद प्रशासन आवेदन पर निर्णय लेगा। बिना अनुमति बजाने एवं नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कोलाहाल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*- **कीर्तिमान सिंह राठौर**, अपर कलेक्टर रायपुर*

## पेज 11 के शेष ...

### सूदखोर तोमर भाइयों...

नाकाम रही। इसके बाद एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने दोनों भाइयों की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया। इनाम घोषित होने के बाद भी दोनों भाइयों की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद संपत्ति कुर्क करने पुलिस ने कोर्ट में आवेदन पेश किया। दोनों भाइयों को कोर्ट ने 19 अगस्त तक कोर्ट में पेश होने उद्घोषणा जारी की। उद्घोषणा के बाद भी दोनों भाई कोर्ट में पेश नहीं हुए। इस वजह से दोनों भाइयों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गई।

### दलालों से पैसे लेकर...

अफसरों को रेंज साइबर पुलिस ने गुढ़ियारी, सिविल लाइंस तथा टिकरापारा थाना में दर्ज केस के आधार पर गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में एक्सिस बैंक के अफसर अभिनव सिंह, दुर्ग स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के अफसर प्रवीण तथा गुढ़ियारी स्थित रत्नाकर बैंक लिमिटेड के अफसर प्रीतेश शुक्ला को गिरफ्तार किया है।

तीनों बैंक अफसरों को साइबर क्राइम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने के बाद गिरफ्तार किया गया है। बैंक अफसरों को बगैर केवायसी जांच के अलग-अलग लोगों के नाम से फर्जी बैंक अकाउंट खोलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व भी पुलिस ने म्यूल अकाउंट खोलने के आरोप में कई बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है।

### खोले गए बैंक अकाउंट...

है कि बैंक अफसर की जहां पोस्टिंग थी, उन स्थानों के बैंक में इन अफसरों ने 50 से ज्यादा बैंक अकाउंट खोले थे। इन अफसरों द्वारा खोले गए सभी म्यूल अकाउंट को पुलिस ने फ्रीज करा दिया है।

### प्रशासन का शीर्षासन, सड़क...

नगर निगम इस ओर ध्यान नही दे रहा है। शहर में 27 अगस्त से शुरू होने जा रहे गणेश उत्सव को लेकर गणेशोत्सव समितियों ने पंडाल बनाना शुरू कर दिया है। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्ग सहित अन्य मार्गों में सड़क किनारे पंडाल बनाने की जगह सड़क घेरकर साज-सज्जा के लिए पंडाल बनाया जा रहा है। इससे सड़क संकरी होने के साथ ही आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है। हैं।

***साहू कंप्लेक्स टिकरापारा के सामने :*** नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के टिकरापारा इलाके में साहू कंप्लेक्स के सामने सड़क घेरकर पंडाल निर्माण करने से लोगों को आवागमन में परेशानी आने लगी है। आने वाले दिनों में इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने से सड़क यातायात प्रभावित होगा। जबकि शहर का यह व्यस्ततम क्षेत्र होने के साथ ही आसपास रहवासी इलाका भी है। गणेशोत्सव के दौरान इस मार्ग में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ होने पर ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ेगी।

### झूलेलाल चौक स्टेशन...

सुबह 9 बजे से 11 बजे और शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक लंबा जाम लग रहा है। इससे लोग परेशान हैं। चूंकि यह व्यवसायिक और रहवासी इलाका भी है इसलिए सामान्य दिनों में अच्छी खासी भीड़ यहां रहती है।

### रामसागर पारा प्रभात...

लगी है। व्यस्त मार्ग होने के साथ ही मालवाहक वाहनों की आवाजाही लोडिंग -अनलोडिंग के चलते ट्रैफिक जाम की समस्या यहां रही है। अब पंडाल के लिए सड़क घेरने से लोगों की परेशानी बढ़ रही है। यही हाल रहा तो पैदल चलने वाले भी जाम में फंसेंगे। इसी तरह अमीन पारा थाने के सामने, लाखे नगर चौक, आमापारा चौक, ब्राम्हणपारा, कंकाली पारा चौक, पुरानी बस्ती क्षेत्र, बूढ़ापारा में भी सड़क किनारे पंडाल बनाने की जगह सड़क घेरकर पंडाल बनाने से ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित होने लगी है।

### पहले राउंड में ही...

काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग के पहले राउंड में 23 अगस्त तक एडमिशन की अंतिम तारीख तय की थी। प्रथम चरण में एमबीबीएस के लिए 1534 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया था। दस्तावेजों की स्क्रूटनी के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने तक कुल 1396 लोगों ने प्रवेश लिया। राज्य के दस शासकीय और चार निजी कालेजों में एमबीबीएस की कुल 1980 सीटे हैं, जिनमें से राज्य, प्रबंधन और एनआरआई कोटे की सीटों पर एडमिशन देने की जिम्मेदारी चिकित्सा शिक्षा विभाग पर है। पहले राउंड में एमबीबीएस के लिए 1534 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया था। इसमें से 138 लोगों ने विभिन्न वजह से प्रवेश नहीं लिया।

वहीं 1396 लोगों ने दस्तावेजों की जांच के बाद प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की है। एमबीबीएस के लिए अभ्यर्थियों का फोकस पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय होता है। यहां कुल 230 सीटें हैं, जिनमें से 189 राज्य कोटे की सीट है। पहले राउंड में 186 लोगों को आवंटन किया गया, जिसमें 164 ने प्रवेश ले लिया है।

इसी तरह छह निजी एवं एक शासकीय डेंटल कालेज में बीडीएस की 682 सीटें हैं। इनमें पहले दौर में 454 सीटों का आवंटन हुआ था, जिसमें से 284 लोगों ने प्रवेश ले लिया है। बाकी सीटों के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन 27 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा।

# रिमांड खत्म होने पर चैतन्य 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य से मिलने पत्नी ईडी कार्यालय पहुंची**

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को पुलिस रिमांड खत्म होने पर ईडी ने कोर्ट में पेश कर 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। अगली सुनवाई अब छह सितंबर को होगी। चैतन्य बघेल एक माह से ज्यादा समय से न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। जांच में नए तथ्य सामने आने के बाद ईडी ने चैतन्य से पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। चैतन्य को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया।

सूत्रों के मुताबिक चैतन्य से पूछताछ में ईडी को कई महत्वपूर्ण



जानकारी मिली है। पूछताछ में ईडी को कई नए तथ्य मिले हैं। इस आधार पर ईडी के अफसरों ने रायपुर, भिलाई के 17 कारोबारियों की सूची तैयार की है। सूची में सराफा कारोबारी के साथ, रियल एस्टेट, होटल कारोबारियों के नाम बताए जा रहे हैं। ईडी ने जिन कारोबारियों की सूची तैयार की है, उन्हें पूछताछ करने जल्द नोटिस जारी कर सकती है।

### स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट

23 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्म दिवस है। ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री के परिजन तथा उनके समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के साथ तीजा पोरा का पर्व मनाया। कार्यक्रम के बीच में चैतन्य की पत्नी ख्याति वर्मा तथा उनकी बहनें चैतन्य से मिलने ईडी कार्यालय पहुंचीं। आधा घंटा मुलाकात करने के बाद सभी वापस भिलाई के लिए लौट गए।

हरिभूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शिव-पार्वती और लक्ष्मीनारायण की ....



सिटी इवेंट

## चंद्रयान-4 मिशन में अब चांद से सैंपल लाकर धरती पर होगा वैज्ञानिक अध्ययन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में दो दिवसीय अंतरिक्ष दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। अंतिम दिन विज्ञान व्याख्याता के रूप में पी. आनंदी शामिल हुईं, जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में लगभग 20 वर्षों तक वैज्ञानिक, अभियंता के रूप में कार्यरत रही हैं। कार्यक्रम महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार, प्रभारी परियोजना संचालक शिरीष कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। पूर्व डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी. आनंदी ने हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि अगर मुझे भविष्य में स्पेस में जाने का मौका मिला तो मैं जरूर जाऊंगी। 12वीं के बाद मेरे परिजनों ने मुझे इलेक्ट्रिकल फील्ड में पढ़ाई करने की सलाह दी, ताकि मुझे जल्द नौकरी मिल सके, लेकिन कॉलेज में एक शिक्षक ने मेरी स्पेस में रुचि पहचानी और मुझे इस दिशा में प्रोत्साहित किया। उनके सुझाव ने मेरी जिंदगी बदल दी।

### चंद्रयान-4 चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठे करेगा



इसरो द्वारा चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब चंद्रयान-4 की तैयारी की जा रही हैं। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठे कर उन्हें वापस पृथ्वी पर लाना है। यह मिशन एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोग के रूप में किया जा रहा है। चंद्रयान-4 चांद पर जाकर सैंपल इकट्ठे करेगा, और फिर उन्हें धरती पर लाया जाएगा, ताकि उनके गहन वैज्ञानिक विश्लेषण किए जा सकें। स्पेस बहुत विशाल है, लेकिन वहां भेजे गए सभी रोबोटिक यंत्र एक तय समय तक ही कार्य करते हैं। इसके बाद उन्हें नियंत्रित तरीके से वायुमंडल में प्रवेश कर निष्क्रिय कर दिया जाता है, ताकि पृथ्वी को किसी तरह का नुकसान न हो।



### 10 वर्षों में युवाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ेगी

*जब कोई मिशन सफल होता है तो उस खुशी को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल होता है। जब हम अपने बनाए यंत्र को अंतरिक्ष में काम करते देखते हैं तो वे पल हमारे लिए 'वाओ मूवमेंट' जैसे होते हैं। उन्होंने बताया कि अगर किसी मशीन में कोई खराबी आ जाए तो आमतौर पर लोग उसे सुधारने के बाद काम शुरू करते हैं, लेकिन स्पेस मिशन में यह बिल्कुल विपरीत होता है। हमें पहले से ही संभावित खराबियों की कल्पना कर लेनी होती है, ताकि हम उन्हें रोक सकें। एक छोटी-सी गलती भी बड़े स्तर पर असफलता का कारण बन सकती है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आने वाले 5 से 10 वर्षों में युवाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ेगी। सरकार और निजी उद्योगों के सहयोग से युवाओं के लिए स्पेस सेक्टर में हजारों नौकरियों का अवसर दिया जाएगा।*

लाइव इवेंट

## स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति



**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में 'द नेस्ट वेव' स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। संगीतमय कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के समग्र व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और जीवन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करना रहा। जहां हर हर शंभू, भज मन राधे राधे, श्रीराम.. जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...जैसे भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। शनिवार को कार्यक्रम मैक सभागार में आयोजित किया गया, जहां पूरा सभागार दर्शकों से भरा रहा। इस मौके पर एक से बढ़कर एक दस से अधिक छात्रों के समूह ने प्रस्तुति दी, जहां पारंपरिक वाद्ययंत्र भी छात्रों द्वारा वादन किए गए।

### हर हर शंभू...जैसे भजनों से गूंजा सभागार

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गई। इस दौरान प्रत्येक संगीत एवं वाद्ययंत्र की प्रस्तुति छात्र समूह द्वारा दी गई, जो सराहनीय रहा। भक्तिमय संगीत के दौरान छात्रों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन तालियों से किया, जहां निरंतर छात्र भी भजनों की प्रस्तुति के दौरान गुनगुनाते नजर आए। इस मौके पर कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल, सचिव सरिता अग्रवाल शामिल हुए। वहीं मुख्य अतिथि शांतनु गुप्ता, सरिता अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. जैस्मीन जोशी और उप-प्राचार्या डॉ. श्वेता तिवारी उपस्थित रहीं।



राजधानी में पोला उत्सव की चौतरफा धूम, मठ-मंदिरों में निभाई रस्में, जगह-जगह बैल दौड़ और श्रृंगार से सजा पर्व

# शिव-पार्वती और लक्ष्मीनारायण की झांकी से सजे जय वीरू की मैदान में धमक, श्रीकृष्ण ने रंगों से किया सराबोर

**आंचलिक पर्व पोला तिहार की राजधानी में चौतरफा धूम रही। मठ-मंदिरों में जहां सुबह विधि-विधान से कृषि यंत्रों की पूजा करते हुए कृषि कार्य में सहयोगी बनने के लिए कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया। इस श्रृंखला में जगह-जगह उत्सव का रूप देने के लिए बैल दौड़ और श्रृंगार का सिलसिला चला। इस बीच टिकरापारा में किए गए आयोजन में शिव-पार्वती और लक्ष्मीनारायण की झांकी अपनी पीठ पर सजाए जैसे ही जय-वीरू की जोड़ी ने दस्तक दी, उत्साह का माहौल बन गया। कुछ इसी तरह का नजारा रामसागर पारा मैदान में देखने को मिला। विशेष साज-श्रृंगार में पीठ पर झांकी में सुआ, कर्मा की मुद्रा में ही नहीं, कृष्ण की चलित झांकी ने रंगों से लोगों को सराबोर किया।**





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक 'पोरा तिहार कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निवास में धूमधाम और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। ग्रामीण परिवेश निर्मित करने के लिए बैलगाड़ी, नंदिया-बैला और मिट्टी के खिलौने व बर्तन से सुसज्जित माहौल ने ग्रामीण अंचल की झलक पेश की। इस मौके पर आगंतुकों ने ठेठरी, खुरमी, अइरसा, चीला, गुलगुला भजिया, फरा सहित विविध प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया। कुछ इसी तरह का माहौल नेताजी सुभाष स्टेडियम में भी देखने को मिला। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। वही कृष्ण मित्र फाउंडेशन के तत्वाधान में 17वें वर्ष भी धूमधाम से पोला पर्व मनाया गया। दोपहर 3 बजे से बैल दौड़ और बैल सजाओ प्रतियोगिता एवं किसान सम्मान का सिलसिला शुरू हुआ। रावणभाठा, दशहरा मैदान में इस उत्सव में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम रहे और अध्यक्षता ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने की। इस दौरान विधायक सुनील सोनी, पार्षद मनोज वर्मा सहित कई वार्डों के पार्षद भी आयोजन का हिस्सा बने। किसी को बैल ने घसीटा तो किसी को पटकनी दी, मगर जीत का जज्बा लिए वे दौड़ से पीछे नहीं हटे। इस बीच शिव-पार्वती और लक्ष्मीनारायण की आकर्षक झांकी पीठ पर सजाए जय-वीरू की जोड़ी जब मैदान पर उतरी तो लोगों में उत्साह की लहर दौड़ गई।



### साज-श्रृंगार में लाए गए बैल रहे आकर्षण का केंद्र

फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव की अगवानी में किए गए आयोजन में बैल सजावट की कड़ी में प्रथम पुरस्कार कन्हैया सोनकर भटगांव को 5000 रुपए, द्वितीय उजियार साहू भटगांव 3001 रुपए और तृतीय मोहन सोनकर भटगांव 2001 रुपए नकद राशि दी गई। बैल दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम नीलकंठ साहू भटगांव को 3000, द्वितीय बलराम सोनकर भटगांव को 2000 और तृतीय बाबा साहू मथुरेना को 1500 रुपए नकद पुरस्कार मिला। शहर के बाहर से आए प्रत्येक बैल जोड़ों को 2000 रुपए सांत्वना राशि दी गई। इसके साथ ही 51 किसानों का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया। इस बीच पारंपरिक गीत -संगीत से लोगों को उत्सव का माहौल मिला।

### मनमोहक झांकियों ने किया आकर्षित

रामसागर पारा में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के संरक्षण में छत्तीसगढ़ पारंपरिक पोरा तिहार उत्सव समिति ने मेनरोड पर मंच सजाते हुए बैला दौड़ का आयोजन किया। इसमें सभी बैल जोड़ों को आकर्षक साज-सज्जा और झांकियों को पुरस्कृत भी किया। सम्मान के रूप में सर्वश्रेष्ठ बैल जोड़ों को 6100 रुपए एवं प्रथम जोड़े को 5100, द्वितीय को 4100 एवं अन्य सभी बैल जोड़ों को प्रोत्साहन के रूप में 3100 रुपए दिए गए। प्रशस्तिपत्र देकर बैल जोड़ों के मालिकों का उत्साहवर्धन किया गया। पर्व पर बैलों की पूजा आरती करने के बाद ठेठरी, खुरमी, चीला जैसे व्यंजनों का भोग लगाया गया और फिर दर्जनों बैलों की जोड़ियों ने दौड़ लगाकर लोगों का ध्यान खींचा। जहां एक ओर बैलों के जोड़े दौड़ लगा रहे थे, वहीं बैलों के ऊपर सजाई गई आकर्षक झाकियों ने भी लोगों को आकर्षित किया।



### चलित झांकी ने की रंगों की बौछार

हर्षोल्लास से सराबोर माहौल में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बैल जोड़े की लगाम पकड़कर रोड पर दौड़ लगाई। बैल दौड़ की प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया। इस बीच हर जोड़े पर सजाई गई आकर्षक झांकी में सुआ, पंथी के साथ ही अलग-अलग मुद्रा में लोक संस्कृति की झलक भी किसानों ने पेश की। उत्सव में श्रीकृष्ण की झांकी खास रही। हाथों में पिचकारी लिए श्रीकृष्ण की चलित झांकी ने हर किसी को रंगों की फुहार से सराबोर किया। इस उत्सव में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, विजय साहू, ऋषि साहू, शत्रुघ्न निषाद, पोतूराम साहू, मंगलराम साहू, प्रीतराम साहू, प्रहलाद मिश्रा ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।



पोला तिहार के दौरान रहचुली झूला का आनंद लेते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



### जैतूसाव मठ में निभाई गई परंपरा, शामिल हुए लोग

श्री जैतूसाव मठ पुरानी बस्ती में भी छत्तीसगढ़ी पारम्परिक तिहार पोरा का पुजन किया गया। पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि मिट्टी के नादी का विधि पूर्वक संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा पुजन किया और ठेठरी खुरमी गुलगुला भजिया, चीला का भोग लगाया गया। जिसमें विशेष रूप से सचिव महेन्द्र अग्रवाल, अजय तिवारी, प्रो. उज्जवल ठाकुर, प्राचि शेल्के, रिशिता शुक्ला व शिवम एजुकेशनल एकादमी के विद्यार्थी मौजूद रहे।



क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में लग्जरी लाइफस्टाइल से जुड़े सुविधाजनक लोकेशन वाले प्रोजेक्ट्स की मांग

# शहर से दूर आशियाने की बढ़ी मांग, बालकनी वाले फ्लैट्स पहली पसंद, लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए डेवलपर्स कर रहे करोड़ों खर्च

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में लोग सिर्फ घर नहीं, बल्कि अपनी लाइफस्टाइल तलाशने पहुंचे हैं। बदलते दौर में खरीदारों की पसंद भी बदल रही है। पहले जहां शहर के बीच घर लेना प्राथमिकता होती थी, वहीं अब लोग खुली हवा, हरियाली और शांत माहौल को ज्यादा महत्व देने लगे हैं। यही वजह है कि प्रदूषण और शोर से दूर लोकेशन वाले फ्लैट्स और विला की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। एक्सपो में पहुंचे लोग बिल्डर्स से खासतौर पर बालकनी, ओपन स्पेस और सुविधाजनक लोकेशन वाले प्रोजेक्ट्स की जानकारी ले रहे हैं। यहां 40 से अधिक नामी डेवलपर्स अपने 250 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स लेकर मौजूद हैं।

डेवलपर्स का कहना है कि राजधानी में हर साल फ्लैट, विला, प्लॉट और बंगले की कीमतें लाखों रुपए तक बढ़ रही हैं। अविनाश डेवलपर्स के सेल्स असिस्टेंट मैनेजर विद्याधर बेहरा ने बताया कि वर्तमान में वीआईपी रोड पर 2 बीएचके फ्लैट्स की कीमत 1 से 2 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। वहीं कचना और विधानसभा रोड जैसे इलाकों में भी दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। खास बात यह है कि खरीदार अब केवल घर ही नहीं, बल्कि उससे जुड़ी कंफर्टेबल और मॉडर्न लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर निवेश कर रहे हैं। यही कारण है कि एक्सपो में रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी के साथ-साथ कमर्शियल स्पेस की जानकारी लेने वालों की भी कमी नहीं है।





### लग्जरी सुविधाओं पर करोड़ों का खर्च

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में खरीदार अब लोकेशन के बाद घर की लग्जरी सुविधाओं पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। डेवलपर्स का कहना है कि रिसॉर्ट लुक विला लोगों की पहली पसंद बन रहे हैं। यही वजह है कि स्वीमिंग पूल, मिनी बार, गार्डन और बच्चों के लिए अलग से प्ले ग्राउंड जैसी सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। नया रायपुर और विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग डेवलपर्स ने ऐसे प्रीमियम विला तैयार किए हैं, जिनकी कीमत 2 करोड़ रुपए से भी अधिक है। इन घरों में लग्जरी बेड से लेकर हर आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डेवलपर्स का कहना है कि केवल लग्जरी सुविधाएं देने में ही करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं।

### फ्लैट में दो से अधिक बालकनी की बढ़ती मांग

राजधानी में नए आवासीय प्रोजेक्ट्स में दो से तीन बीएचके फ्लैट्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। अधिकांश डेवलपर्स 2 से 3 बीएचके फ्लैट्स ही उपलब्ध करा रहे हैं, जबकि 1 बीएचके फ्लैट्स की संख्या कम है। आनंदम वर्ल्ड सिटी के स्टॉल पर मौजूद आरती तिवारी ने बताया कि कचना और शंकर नगर क्षेत्र में लोग घर लेने के लिए अधिक सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि 50 से 60 लाख रुपए में 2 से 3 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध हैं। इनमें खरीदार अक्सर नीचे के फ्लैट्स को पसंद कर रहे हैं और यह भी ध्यान रखते हैं कि घर में दो से तीन बालकनी हों। इसके साथ ही लोग लोकेशन के बाद घर के आसपास सुरक्षा और शांति पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। नए प्रोजेक्ट्स में दो से तीन बालकनी वाले फ्लैट्स को अधिक स्थान दे रहे हैं, ताकि खरीदारों की पसंद और निवेश दोनों को पूरा किया जा सके।

### प्रॉपर्टी एक्सपो में आरसीपी इंफ्राटेक का शानदार जलवा

इंफ्राटेक ने क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में अपने मेगा प्रोजेक्ट वीआईपी सिटी को पेश कर लोगों का ध्यान खींचा। अंबुजा मॉल के पास स्थित यह टाउनशिप कुल 300 एकड़ में फैली हुई है और इसे सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी टाउनशिप बताया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में रेजिडेंशियल प्लॉट, कमर्शियल प्लॉट, विला और शॉप्स की सुविधाएं शामिल हैं। प्राइम लोकेशन, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं के चलते प्रोजेक्ट को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी ने एक्सपो में ऑन टेबल डिस्काउंट की सुविधा भी दी, जिसका लाभ ग्राहकों ने बुकिंग के साथ उठाया।

### अविनाश ग्रुप ने पेश किए 17 प्रोजेक्ट

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो में अविनाश ग्रुप ने अपने शानदार पोर्टफोलियो से लोगों को खूब आकर्षित किया। इस बार कंपनी ने 17 प्रोजेक्ट्स को शो-केस किया, जिसमें प्लाटिंग, अपार्टमेंट्स, कमर्शियल स्पेस और विला शामिल हैं। अविनाश ग्रुप के 59 से अधिक लैंडमार्क प्रोजेक्ट्स पहले से ही बाजार में उनकी विश्वसनीयता को सिद्ध कर चुके हैं। इस बार के प्रमुख प्रोजेक्ट्स में अविनाश वन, चितवन और उपवन शामिल हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी प्रोजेक्ट्स में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, जिम और गार्डन जैसी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### सिंघानिया बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट्स को मिली बुकिंग

सिंघानिया बिल्डकॉन ने प्रॉपर्टी एक्सपो में अपने प्रीमियम रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के जरिए ग्राहकों का दिल जीत लिया। रायपुरा स्थित हर्षित अर्बन सिटी के साथ-साथ हर्षित गोल्ड सिटी, हर्षित लैंडमार्क और हर्षभूमि जैसे प्रोजेक्ट्स को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। इन प्रोजेक्ट्स में 500 से 3000 स्क्वेयर फीट तक के प्लॉट्स उपलब्ध हैं और अब तक 70% से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर सिंघानिया बिल्डकॉन ने बुकिंग पर सिल्वर के गणेशजी देने की घोषणा की है।

## सिटी लाइव

# नुआखाई पर पूजा-पाठ के बाद निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**रायपुर।** उड़िया गांड़ा समाज की अगवानी में रविवार को धूमधाम से पारंपरिक पर्व नुआखाई मनाया जाएगा। इस उत्सव में धूम मचाने नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति ने संबलपुरी सेलिब्रिटी रूकु सोना और उनकी टीम को आमंत्रित किया है। उत्सव को खास बनाने के लिए इस साल भी राजेंद्र नगर स्थित बूढ़ी माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद नुआखाई भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें हजारों की तादाद में समाजजन शामिल होंगे। यह जानकारी नुआखाई शोभायात्रा संचालन समिति के जितेंद्र तांडी ने देते हुए बताया कि शोभायात्रा मंदिर से शुरू होने के बाद गोवर्धन चौक, केनाल रोड, भगत सिंह चौक, नगर घड़ी चौक, शास्त्री चौक, मोतीबाग, मधुसूदन दास चौक से होते हुए गॉस मेमोरियल ग्राउंड पहुंचेगी। जहां पर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। दिनभर चलने वाले इस उत्सव की श्रृंखला में डिप्टी सीएम विजय शर्मा मुख्य अतिथि होंगे।

### इनके आतिथ्य में इस बार मनाया जाएगा उत्सव

शोभायात्रा संचालन समिति के लोगों ने आगे बताया कि इसमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, महापौर मीनल चौबे प्रमुख रूप से शामिल होंगी। साथ ही विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी और मोतीलाल साहू आयोजन का हिस्सा बनेंगे। सांस्कृतिक मंच पर ओडिशा की कला और संस्कृति की छाप छोड़ने इस आयोजन में संबलपुरी सेलिब्रिटी रूकु सोना और उनकी टीम आमंत्रित है। इस बार उत्सव में समाज के युवा कलाकारों द्वारा भी कला और संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों से नुआखाई के इस पर्व को उत्सव का रूप देने की तैयारी है। इस बीच व्यवस्था बनाने के लिए संचालन समिति ने युवाओं की टीम बनाकर जिम्मेदारी तय की है।



# आचार्य कौटिल्य की नीति से चंद्रगुप्त ने पाया सिंहासन, कूटनीति से बदल गई मगध की सत्ता

## मंच पर गूंजे चाणक्य के विचार, अभिनेता मनोज जोशी ने जीवंत किया किरदार

रायपुर। अभिनय और संवादों की ताकत जब इतिहास से मिलती है तो मंच पर जादू बिखरता है। कुछ ऐसा ही नजारा एनआईटी द्वारा आईआईटी भिलाई के सहयोग से डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित नाटक चाणक्य में दिखा। बॉलीवुड अभिनेता एवं रंगकर्मी मनोज जोशी के निर्देशन में मंचन किया गया। श्री जोशी ने स्वयं चाणक्य की भूमिका निभाकर दर्शकों को उस दौर में पहुंचा दिया, जहां उनकी बुद्धिमत्ता और कूटनीति से भारतीय इतिहास की नई धारा बनी। नाटक की कहानी महापंडित चाणक्य के जीवन और उनके राजनीतिक कौशल के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दिखाया गया कि किस तरह चाणक्य ने नंद वंश के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ खड़े होकर युवा चंद्रगुप्त मौर्य को तैयार किया और अखंड भारत की नींव रखी। कथानक में चाणक्य की सूझबूझ, कूटनीति और राष्ट्र के प्रति समर्पण को संवादों व अभिनय के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान दर्शक भावविभोर नजर आए। संवादों पर मिली तालियों ने यह साबित किया कि चाणक्य के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।



### छल-कपट और कूटनीति से निकलती है सत्ता की राह

अभिनेता मनोज जोशी ने अपने अभिनय से साबित किया कि छल-कपट और कूटनीति से कैसे राजसत्ता हासिल की जाती है। उन्होंने राष्ट्र की भलाई के लिए चंद्रगुप्त मौर्य को मगध का राजा बनाने के लिए अपनी कूटनीति, छल और कपट की विद्या दिखाकर सभी को चकित कर दिया। नाटक में कौटिल्य ने अपनी कूटनीतिक विद्या से चंद्रगुप्त के हाथों उनके ही बड़े भाई यानी मगध के राजा हिरण्यगुप्त का वध कराया, क्योंकि हिरण्यगुप्त की प्रजा बहुत दुखी थी और कौटिल्य शांति चाहते थे।





### कौटिल्य की चतुराई से हर कोई आश्चर्यचकित

नाटक में चंद्रगुप्त जब बड़ी परेशानियों को देखते हुए युद्ध के लिए मना करता है तो कौटिल्य उसे समझाते हैं कि राजा होना सुखी होने का मार्ग नहीं है, उसे तो प्रजा को सुख देने की लालसा होनी चाहिए। हिरण्यगुप्त से युद्ध लड़ने के लिए सेना नहीं होने पर कौटिल्य आदिवासियों का सहारा लेता है और धीरे-धीरे एक-एक राजा से संधि कर मगध जीत लेता है। इस दौरान कौटिल्य की चतुराई से हर कोई आश्चर्य में पड़ जाता है। कौटिल्य जो भी चाल चलते हैं, वह सफल होती जाती है। आखिरकार जब मगध के राजा के रूप में चंद्रगुप्त मौर्य का अभिषेक होता है तो पूरे प्रांगण में तालियां गूंजने लगती हैं।

### चाणक्य सदृश्य नीति नियंता की आवश्यकता

नाटक में बताया गया कि आज चाणक्य सदृश्य नीति नियंता की आवश्यकता है। हमें उसके कौटिल्य वाले पक्ष को समझने की आज अधिक जरूरत है और यह संदेश दिया गया कि राष्ट्र से महान कुछ नहीं होता है। स्वत्व... परिवार समाज, नागरिक, धन, संपदा... इत्यादि, सभी राष्ट्र के सम्मुख द्वितीय श्रेणी में रहने वाले हैं। इतना ही नहीं, बेहतरीन अभिनय, खूबसूरत मंच की साज-सज्जा और सटीक संवादों ने दर्शकों को पूरे समय बांधे रखा। चाणक्य की दूरदर्शिता, योजनाबद्ध तरीके से कार्य का क्रियान्वयन और समर्पण को मंच पर मनोज जोशी ने बखूबी दर्शकों के सामने पेश किया। पौराणिक कहानी के मंचन में आकर्षण का केंद्रबिन्दु अभिनेता मनोज जोशी ही रहे। उनके सधे अभिनय और टाइमिंग को टीवी और फिल्मों की तरह थियेटर में दर्शकों का प्यार मिला। अक्सर हास्य भूमिकाओं में गुदगुदाने वाले मनोज जोशी जब भी चाणक्य के किरदार में आते हैं तो उनका अलग ही रूप दिखता है।

## लाइव इवेंट

# लायंस क्लब कैपिटल को मिला 'बेस्ट क्लब' का अवार्ड



**रायपुर।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी द्वारा कैबिनेट इंस्टॉलेशन एवं प्रथम कैबिनेट मीटिंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर स्थित रोज-वे रिसोर्ट में शनिवार को हुआ। इस अवसर पर लायंस क्लब कैपिटल को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए 'बेस्ट क्लब' अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी कौशल एवं उनकी टीम को यह सम्मान इंटरनेशनल डायरेक्टर पंकज मेहता, गवर्नर विजय अग्रवाल एवं पूर्व गवर्नर सुधीर जैन द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रंजना महावर, प्रीति पांडेय, डॉ. राकेश कौशल, कनीज सिद्दीकी, अमरजीत कौर, भोजराज, सरिता जैन उपस्थित रहीं।

# राज्यों की लोकनृत्य प्रस्तुति ने मोहा मन

**रायपुर।** संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा तीजा पर्व के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों की पारंपरिक संस्कृति और लोककलाओं की मनमोहक झलक देखने को मिली। इस अवसर पर आयोजित 'तिजहारिन' नृत्य प्रतियोगिता में पंजाबी, बंगाली, गुजराती, छत्तीसगढ़ी, आंध्र, मराठी समाज और सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में ममता शर्मा, शिवरतन गुप्ता, योगेश अग्रवाल, परविंदर कौर, डॉ. भवानी राव, आभा मिश्रा, मीनाक्षी टुटेजा, राजेश मिश्रा और जेपी शर्मा शामिल रहे।





### तीज पर्व सांस्कृतिक मिलन समारोह

समारोह के मंच पर जैसे ही पंजाबी विरसा ग्रुप की महिलाओं ने पारंपरिक सजी मटकी के साथ ऑडियंस के बीच से स्टेज की ओर एंट्री ली, दर्शकों ने उनका स्वागत तालियों से किया। पंजाबी समाज की महिलाओं ने विवाह की पारंपरिक 'जागो' रस्म और गिद्दा की प्रस्तुति बेहद अनोखे अंदाज में दी। सात मिनट की इस जीवंत प्रस्तुति में मंच पर विवाह से जुड़ी रस्म को दर्शाया गया, जिसमें महिलाएं ढोल की थाप पर नाचते हुए कुएं से पानी लाकर वर-वधु को स्नान कराती हैं, जो जागो रस्म का हिस्सा है। रंगबिरंगी पंजाबी वेशभूषा, सिर पर सजी मटकियां और ऊर्जा से भरपूर नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गिद्दा की लय और तालियों की गूंज ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। तिजहारिन कार्यक्रम के दौरान बंगाली समाज ने पारंपरिक संस्कृति और लोककलाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी, जहां नवरात्रि महापर्व के भक्तिमय दृश्य देखने को मिला। सामूहिक नृत्य प्रस्तुति के दौरान मां दुर्गा के प्रत्येक स्वरूप का दर्शन करने का अवसर मिला, जिसमें रौद्र स्वरूप आकर्षण का केंद्र बना।



# एग्जिबिशन में लुभा रहे फैशन व लाइफस्टाइल आर्ट

**रायपुर।** रीजॉय कम्यूनिटी द्वारा आयोजित रीजॉय पॉप-अप एग्जिबिशन का आयोजन 23 और 24 अगस्त को राजधानी रायपुर के मैग्नेटो मॉल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया गया, जहां 40 से अधिक घरेलू ब्रांड्स के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध रहे। आयोजकों ने बताया कि फैशन, लाइफस्टाइल, फूड और आर्ट की बेहतरीन रेंज के साथ यह एग्जिबिशन खरीदारों और कलाप्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव लेकर आया है। इसका उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा देना, रचनात्मकता को मंच देना और रायपुरवासियों को एक नया सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना है। रीजॉय पॉप-अप केवल एक एग्जिबिशन नहीं, बल्कि रचनात्मकता, सपनों और सामूहिक भावना का उत्सव है जहां प्रवेश निशुल्क है।

# श्रीमद भागवत कथा में सुनाए वामन, राम और कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग



**रायपुर।** श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में आज कथाव्यास ओमप्रकाश जोशी ने वामन अवतार, श्रीराम अवतार और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक समय असुर राजा बलि ने अपने पराक्रम से तीनों लोकों पर अधिकार कर लिया था और देवताओं को स्वर्ग से निकाल दिया। तब भगवान विष्णु वामन यानी ब्राह्मण का रूप धारण कर दान मांगने पहुंचे। राजा बलि ने तीन पग भूमि दान देने का वचन दिया। वामन ने विराट रूप धारण कर दो ही पग में तीनों लोक नाप लिए। तीसरे पग के लिए जब स्थान शेष न रहा तो राजा बलि ने अपना सिर अर्पित कर दिया और इस प्रकार भगवान ने देवताओं को उनका स्थान वापस दिलाया। आचार्यश्री ने आगे द्वापर युग की श्रीकृष्ण जन्मकथा का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मथुरा में कंस के अत्याचारों से पीड़ित पृथ्वी को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र रूप में जन्म लिया। कंस को आकाशवाणी से यह ज्ञात हो चुका था कि देवकी का आठवां पुत्र ही उसका संहार करेगा, इसलिए उन्हें कारागार में बंद कर दिया और उनकी संतानों का वध किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुरारका परिवार सहित गौरीशंकर अंगूरी अग्रवाल, पन्ना राज बंसल, योगीराज श्री अग्रवाल, राजकुमारी, स्वर्णभूमि से अशोक गोयल, अशोक मिश्रा, शारदा गोयल, शशि, आशा, शाहजी बिलासपुर, सुनील भल्लू अग्रवाल, चौधरी परिवार, मुंबई से शाहजी राजीव अग्रवाल परिवार, तुसरा वाले शाहजी परिवार, विष्णु अग्रवाल, देवेंद्र, गणेश, ताराचंद, योगेश-अनीता अग्रवाल, दिव्यम अग्रवाल एवं ओमप्रकाश रायपुर से उपस्थित रहे और कथा श्रवण का लाभ लिया।


रायपुर बाजार

Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

VASTU LOGO कर सकता है आपके व्यापार में तरक्की
• क्या आपका व्यापार अच्छा नहीं चल रहा ?
• ऑफिस में नकारात्मकता जैसा माहौल है ?
• व्यापार में वृद्धि नहीं हो रही है ?
• कोई भी कार्य सफल नहीं हो रहा है ?
• काम बनते बनते बिगड़ जाता है ?
• ग्राहक से संपर्क टूट रहा है ?
आपके कंपनी के लिए सही अंक या सही रंग का चुनाव आवश्यकता है।
प्रथम मंजिल अशरफ इंग्लिश क्लासेज बिल्डिंग फव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
www.snitinnumerological.com info@urbt0111@gmail.com 7000074769

SHREEJI INN
HOTEL & RESTAURANT
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT
WE ORAGANISE :
•CORPORATE EVENTS •KITTY PARTY
•MARRIAGE FUNCTIONS •BIRTHDAY PARTY & MORE...
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
BOOKING NOW +91 9329744444
FOLLOW US facebook Instagram
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

NEW MENU EVERY DAY
UNLIMITED QUALITY FOOD
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21ST JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051, 9171500052

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, बिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### नए 'हैरी' बने डॉमिनिक नजर आए 'हैग्रिड' के साथ साथ, लंदन की सड़कें हुईं जाम



लंदन की सड़कों पर इस समय हॉलीवुड की सबसे बड़ी फैंटेसी सीरीज की शूटिंग चल रही है। इसी के चलते घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। जी हां, एचबीओ की बहुचर्चित हैरी पॉटर टीवी सीरीज की शूटिंग जोरों-शोरों से चल रही है, जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी उत्साहित हैं। हाल ही में बोरो हाई स्ट्रीट और लंदन ब्रिज के आसपास जब शूटिंग चल रही थी तो आस-पास लोगों की भीड़ लग गई। सीरीज की स्टारकास्ट को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसकी वजह से सड़कों पर भारी जाम की स्थिति हो गई। लोग मोबाइल से शूटिंग को रिकॉर्ड करने लगे। इतना ही नहीं, एक सीन में कलाकारों को फेमस लीकी कॉडल्रन पब के बाहर भी फिल्माते देखा गया। अभिनेता निक फ्रॉस्ट, जो अब हैग्रिड के किरदार में नजर आने वाले हैं, वो जब मैकलॉघलिन यानी नए हैरी पॉटर के साथ दिखाई दिए तो फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में निक 11 साल के डॉमिनिक से साथ दिखाई दिए। इस साल मई में मुख्य किरदारों का ऐलान हुआ था। डॉमिनिक को हैरी का किरदार मिला है, वहीं अरबेला स्टैंटन को हर्माइनी और एलेस्टेयर स्टाउट को रॉन के रूप में चुना गया है। तीनों की झलक सोशल मीडिया पर छाने लगी है।'हॉट फज' और 'शॉन ऑफ द डेड' जैसे प्रोजेक्ट्स से मशहूर निक फ्रॉस्ट ने खाकी जैकेट, गहरे रंग की पैंट और भूरे जूते पहनकर हैग्रिड का अंदाज अपनाया। उनका भारी शरीर, लंबे बाल और दाढ़ी बिल्कुल रॉबी कोलट्रेन की झलक याद दिला रहा था, जिन्होंने फिल्मों में हैग्रिड को जीवंत किया था।

## टॉलीवुड

### 'विश्वंभरा' की पहली झलक के बाद परिवार संग निकले चिरंजीव



फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक सामने आने के बाद साउथ स्टार चिरंजीवी चर्चा में बने हुए हैं। चिरंजीवी को पूरे परिवार के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया।
हाल ही में साउथ मेगा स्टार चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक सामने आई। एक्शन के रंग में रंगे हुए वह नजर आए। चिरंजीवी के एक्शन अंदाज के कारण सोशल मीडिया पर फिल्म चर्चा में है। इसी बीच चिरंजीवी का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ एयरपोर्ट में दिखे। वह किसी खास जगह पर अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाने की प्लानिंग कर चुके हैं।
सुपरस्टार चिरंजीवी को परिवार संग हैदराबाद एयरपोर्ट पर देखा गया। वह पत्नी सुरेखा के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। बाकी परिवार के सदस्य भी साथ नजर आए। वायरल वीडियो में एयरपोर्ट चेकिंग स्टाफ के साथ भी वह मुस्कुराते हुए मिलते हैं। चिरंजीवी के एयरपोर्ट वाले कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। चिरंजीवी अपना जन्मदिन परिवार के साथ हैदराबाद से दूर किसी स्पेशल जगह पर मनाने वाले हैं। उस जगह की जानकारी उपलब्ध नहीं है। चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। इसकी पहली झलक में कहानी का अंदाजा हो जाता है। फिल्म की पहली झलक में एक लड़का और एक बूढ़ा आदमी बातचीत कर रहे हैं। दोनों विश्वंभरा की दुनिया में घटी भयानक घटनाओं पर बात करते हैं। बूढ़ा आदमी एक ऐसे इंसान की बात करता है, जिसके लालच के कारण महाविनाश होता है। उसी मौके पर एक रक्षक सामने आता है। उस रक्षक के तौर पर मेगास्टार चिरंजीवी की एंट्री होती है। एक्शन अंदाज में चिरंजीवी का किरदार बुरे लोगों से लड़ता हुआ नजर आता है।

## भोजपुरी

### प्रेमानंद महाराज के मामले में खेसारी का बड़ा बयान; यूजर्स ने किया ट्रोल



भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव ने प्रेमानंद महाराज को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसकी वजह से वह लोगों के निशाने पर आ गए हैं। खेसारी का कहना है कि कुछ लोग अपनी इमेज सुधारने के लिए उनके पास जाते हैं। भोजपुरी फिल्म स्टार खेसारी लाल यादव ने प्रेमानंद जी महाराज को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट किया है, जिसके बाद वे विवादों में घिर गए। खेसारी ने अपने पोस्ट में तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग अपनी छवि सुधारने के लिए प्रेमानंद जी महाराज के पास जा रहे हैं। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। इस पोस्ट के बाद कुछ यूजर्स खेसारी पर भड़क गए और उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। खेसरी लाल यादव ने एक्स पर प्रेमानंद महाराज की एक तस्वीर शेयर कीं और लिखा, 'एक अपील, प्रेमानंद जी महाराज को सिर्फ महसूस करें। कुछ दिनों से नोटिस किया कई लोग अपनी इमेज बनाने के लिए वहां जाने लगे हैं। वो पाप धोने वाले मशीन नहीं हैं। अगर सच्ची श्रद्धा है तो बस उनकी बातों का मानें। हर जगह प्रमोशन और प्रचार ठीक नहीं लगता। भोरे भोरे ज्यादा ज्ञान लगे फिर भी ठीक हैं।'
खेसारी के इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और लोग इसे लेकर अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक यूजर ने उनका सपोर्ट करते हुए लिखा, 'बहुत शुक्रिया भैया आपने कम से कम हिम्मत तो की है ये बोलने की, बाकी सब तो....' तो वहीं एक यूजर ने लिखा, 'तुम जाओ उसके घर जिसने 940 करोड़ का पाप किया है....'

# लाइफ स्टाइल



## जेवर में तेवर

हॉलीवुड एक्ट्रेस अपनी फिल्मों के अनुरूप बहुत में ज्वेलरी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन परदे से परे देका जाए तो किसी को भी शानदार ज्वेलरी से परहेज नहीं है। हाल ही में वेनिस के पलाज़ो डुकाले में मेडिटेरेनिया हाई ज्वेलरी कलेक्शन के लिए लिसा ज़ेंडाया और ऐनी हैथवे ने इटली की जानी-मानी फर्म बुलगारी की जमकर नुमाइश की।

## पहली बार स्पा करवाने से पहले इन बातों का ध्यान रखें



स्पा ट्रीटमेंट की मदद से हमें काफी ज्यादा राहत मिलता है। स्पा ट्रीटमेंट करवाना सभी को पसंद होता है, हालांकि अगर आप बॉडी स्पा करवा रही हैं तो आपको काफी पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। ऐसे में बार- बार स्पा ट्रीटमेंट लेना सभी के बस की बात नहीं होती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि पहली बार स्पा करवाने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। स्पा ट्रीटमेंट लेने के दौरान आपको किसी भी चीज के बारे में नहीं सोचना चाहिए। आपको स्पा के दौरान खुद को थेरपिस्ट को सौंप देना चाहिए। कोशिश करें की बॉडी स्पा किसी महिला से करवाएं तक आपको ज्यादा कंफरटेबल होगा। रिलैक्स करने से ही आपको इस ट्रीटमेंट का असर होगा।
स्पा ट्रीटमेंट यानी मसाज करवाने के बाद कुछ घंटो के लिए आपको आराम लेना चाहिए। इस दौरान आपको काफी शांति मिलेगी कोशिश करें की 1 या 2 घंटे का नींद भी लें। स्पा ट्रीटमेंट के बाद आराम करने से आपको काफी शांति मिलेगी और जो भी शरीर में दर्द है वह भी निकल जाएगा। कई लोग स्पा के दौरान ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। बता दें कि स्पा के दौरान आपको खुद से भी थेरपिस्ट को गाइड करना होगा। अगर आपको स्पा का प्रेशर ज्यादा लग रहा है तो अपने थेरपिस्ट से प्रेशर कम करने के लिए भी कह सकते है। कई लोग ऐसा कहने से झिझकते है। अगर आप भी इन चीजों से झिझकते है तो आपको बाद में शरीर में दर्द जैसी समस्या हो सकती हैं। ऐसे में आपको बॉडी स्पा लेते समय इन चीजों का ध्यान रखना चाहिए।

## पार्टी के लिए पिंक आउटफिट को करें स्टाइल, मिलेगी तारीफ



जब भी पार्टी होती है तो हम अलग-अलग तरीके के कपड़े स्टाइल करना पसंद करते हैं। इसमें हम अपनी पसंद का कलर भी चूज करते हैं ताकि खूबसूरत लग सके। अगर आप कहीं पार्टी में जाने का प्लान कर रही हैं तो इसके लिए पिंक कलर को चूज कर सकती हैं। ये कलर भी पार्टी में काफी अच्छा लगता है। आप इसे नाइट पार्टी और डे दोनों में वियर कर सकती हैं। इसमें कई सारे ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। जिन्हें अलग-अलग तरीके से स्टाइल किए जा सकते हैं।

### पिंक गाउन लुक



अगर आप किसी कॉकटेल पार्टी में जाने का प्लान कर रही हैं तो इसके लिए आप इस गाउन लुक को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के गाउन लुक पार्टी में काफी अच्छे लगते हैं। माधुरी दीक्षित ने भी इस पिंक गाउन को बेहद खूबसूरती के साथ वियर किया है जिसे स्टाइल बाय अमी ने डिजाइन किया है। इस तरीके के गाउन को आप किसी भी लोकल मार्केट से खरीद सकती हैं। इसमें आप ऑफ शोल्डर ऑप्शन भी ट्राई कर सकती हैं और फ्लेयर्ड स्लीव्स वाले गाउन को भी खरीद सकती हैं। ये गाउन आपको मार्केट में 2000 से 3000 की रेंज में अच्छे डिजाइन के साथ मिल जाएंगे।

### हाई थाई स्लिट साड़ी



अगर आपको साड़ी पहनना बेहद पसंद है तो ऐसे में आप हाई थाई स्लिट साड़ी (साड़ी गाउन लुक) को वियर कर सकती हैं। शिल्पा शेट्टी से इस लुक को कैसे क्रिएट करना है इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकती हैं। उनकी इस साड़ी लुक को मोहित राय ने डिजाइन किया है। आप चाहे तो आप भी इस तरीके की साड़ी को मार्केट से खरीदकर वियर कर सकती हैं। ये साड़ी आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएगी। वरना आप अपने डिजाइनर से भी इसे डिजाइन करा सकती हैं।

### पिंक चिकनकारी लॉन्ग सूट

ऐसा जरूरी नहीं कि आप पार्टी के लिए सिर्फ वेस्टर्न ही वियर करें। आप पार्टी में एथनिक आउटफिट भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप लॉन्ग साइड स्लिट चिकनकारी सूट को वियर कर सकती हैं।

## चेहरे की चमक को बरकरार रखने अपनाएं घरेलू उपाय



हम सभी जानते हैं कि चमकदार त्वचा पाने के लिए चेहरे का खास ख्याल रखना कितना जरूरी होता है। हालांकि बदलते ब्यूटी ट्रेंड्स में आपको इसके लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बाहरी प्रोडक्ट्स में भरपूर मात्रा में केमिकल मौजूद होता है जो आपकी त्वचा की चमक को फीका कर सकता है।
ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप घर में मौजूद चीजों की सहायता ले सकती हैं। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू नुस्खा जिसकी मदद से आप आसानी से त्वचा को नेचुरल चीजों की मदद लेकर इनकी सही तरीके से देखभाल कर पाएंगी। साथ ही बताएंगे इन चीजों के त्वचा को मिलने वाले फायदे। खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में सहायता करते हैं। वहीं खीरा स्किन को डीप क्लीन करने के काम करता है। बेसन में मौजूद प्रॉपर्टी त्वचा के कालेपन को कम करने में मदद करता है। हर तरह के स्किन इन्फेक्शन को होने से रोकने के लिए बेसन बेहद मददगार होता है। शहद स्किन को नैचुरली एक्सफोलिएट करने में शहद मदद करता है,जो चेहरे के पोर्स क्लीन करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को हाइड्रेटेड बनाने में मदद करती है। शहद आपकी लिप्स की स्किन में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करता है।
-

## बेहद खास हैं बेल मेहंदी के ये आसान डिजाइंस



हर शुभअवसरों पर मेहंदी लगाई जाती है। आजकल बेल मेहंदी डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है। इसके कई डिजाइन आपको ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन इन सभी डिजाइन को बना पाना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है।

### केरी बेल मेहंदी डिजाइन

डिजाइन की बात करें तो सबसे ज्यादा केरी मेहंदी को पसंद किया जाता है और इसे बनाना भी बेहद आसान होता है। वहीं केरी मेहंदी डिजाइन बनाकर आप अंदर की तरफ जाल बना सकती हैं। जाल के लिए आप बारीक पैटर्न को बनाए। इसके लिए आप डार्क कलर की मेहंदी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### भरे हाथों वाली बेल मेहंदी डिजाइन

भरे हाथों की मेहंदी देखने में बेहद आकर्षक नजर आती है। वहीं अब आप बेल में भी हाथों को भरा हुआ दिखा सकती हैं। इसमें आप फूल-पत्ती से लेकर जाल वर्क या ज्वेलरी स्टाइल के डिजाइन को भी चुन सकती हैं। वहीं चाहे तो इसमें आप अपना नाम भी लिखवा सकती हैं।

### जाल बेल मेहंदी डिजाइन

इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आप अपने हाथों के आकार का खास ख्याल रखें और उसी के हिसाब से जाल को चौड़ा या बारीक डिजाइन का बनाये। आप कोई भी डिजाइन बनाकर अंदर की तरफ बारीक पैटर्न के जाल डिजाइन को बना सकती हैं।

### फूल-पत्ती बेल मेहंदी डिजाइन

फूल-पत्ती डिजाइन की मेहंदी तो एवरग्रीन पसंद की जाती है। वहीं अगर आप मॉडर्न और मिनिमल डिजाइन की मेहंदी लगाना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आपके हाथों की शोभा बढ़ाने में मदद करेगा। ध्यान रहे कि आप फूल-पत्ती के आकार को हाथों की शेप और साइज के हिसाब से ही बनाए।

## कार्नर न्यूज

### नमी भरे मौसम में मेंस फैशन में ध्यान रखने है बहुत कुछ

## बारिश में मेंस मेकअप के लिए बरतें एहतियात, जरा सी गलती से हो सकता है आपका लुक खराब

बारिश के मौसम में मेंस मेकअप के लिए, हल्का और वाटरप्रूफ मेकअप सबसे अच्छा होता है। तैलीय त्वचा के लिए मैट फ़िनिश और सामान्य त्वचा के लिए एक हाइड्रेटिंग फ़िनिश चुनें। मेकअप से पहले बर्फ का इस्तेमाल करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे। चेहरे को बार-बार छूने से बचें। एक छाता और वाटरप्रूफ जैकेट का उपयोग करें। यदि आप तैलीय त्वचा वाले हैं, तो पोंछने के लिए एक टिश्यू पेपर रखें। संक्षेप में, बारिश के मौसम में मेंस मेकअप के लिए, हल्का, वाटरप्रूफ और मैट फ़िनिश चुनें। पुरुषों के हल्के और वाटरप्रूफ मेकअप के लिए, आप एक हल्के प्राइमर या टिंटेड मॉइस्चराइज़र का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को एक समान और चमकदार रूप देता है और त्वचा की खामियों को छुपाता है। वाटरप्रूफ कवरेज के लिए, एक वाटरप्रूफ फाउंडेशन या लिक्विड हाइलाइटर का उपयोग करें जो लंबे समय तक टिके और पसीने से भी प्रतिरोधी हो।



### स्किन प्रेप:

मेकअप से पहले चेहरे को अच्छी तरह धो लें और एक हल्का मॉइस्चराइजर लगाएं। फिर, एक प्राइमर का उपयोग करें ताकि मेकअप लंबे समय तक टिका रहे और त्वचा चिकनी दिखे।

### फाउंडेशन/बीबी क्रीम:

तैलीय त्वचा के लिए, एक हल्का, ऑयल-फ्री फाउंडेशन या बीबी क्रीम चुनें। सामान्य त्वचा के लिए, एक हाइड्रेटिंग बीबी क्रीम का उपयोग करें जो मैट फ़िनिश देती है। फाउंडेशन या बीबी क्रीम को पूरे चेहरे पर समान रूप से फैलाएं।

### कॉम्पैक्ट पाउडर:

एक वाटरप्रूफ कॉम्पैक्ट पाउडर का उपयोग करें ताकि मेकअप सेट हो जाए और बारिश में फैले नहीं।

### आई मेकअप:

वॉटरप्रूफ आईलाइनर और मस्कारा का उपयोग करें। आईशैडो के लिए, क्रीम बेस्ड आईशैडो से बचें और मैट आईशैडो का उपयोग करें। आइब्रो पेंसिल के बजाय, जेल का उपयोग करें।

